वर्ष : 34 ➤ अंक :29 ➤ पृष्ठ : 8 ➤ मुंबई, रविवार, 6 अप्रैल 2025 ➤ RNI: MAHHIN/49994/91 ➤ मूल्य : 3 रुपए ➤ epaper.dobajedopahar.com ➤ संपादक : अरुण लाल

लबरेज़ है शराब-ए-हक़ीक़त से जाम-ए-हिंद
सब फ़लसफ़ी हैं ख़ित्ता-ए-मग़रिब के राम-ए-हिंद

ये हिन्दियों की फ़िक्र-ए-फ़लक-रस का है असर
रिफ़अत में आसमाँ से भी ऊँचा है बाम-ए-हिंद

इस देस में हुए हैं हज़ारों मलक-सरिश्त
मशहूर जिन के दम से है दुनिया में नाम-ए-हिंद

है राम के वजूद पे हिन्दोस्ताँ को नाज़
अहल-ए-नज़र समझते हैं इस को इमाम-ए-हिंद
- अल्लामा इक़बाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं!

न्यूज़ ब्रीफ

गृह राज्यमंत्री का मोबाइल गायब, मामला दर्ज

बीड। बीड जिले में शनिवार को गृह राज्यमंत्री योगेश कदम का मोबाइल शनिवार को गायब हो गया। इस मामले की शिकायत बीड़ जिले के केज पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। केज पुलिस स्टेशन की टीम कदम के मोबाइल की सरगर्मी से तलाश कर रही है। केज पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक वैभव पाटिल ने बताया कि गृह राज्यमंत्री आज बीड़ में मस्साजोग के मृतक सरपंच संतोष देशमुख के परिवार से मिलने आए थे। उसी समय उनका मोबाइल किसी ने गायब कर दिया। इस मामले की शिकायत दर्ज कर ली गई है, मोबाइल की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

ISRO के POEM-4 की 'घर वापसी'

बेंगलुरु। भारत का पीएसएलवी आर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल-4 (पीओईएम-4) सफलता का एक और झंडा गाड़कर धरती के वातावरण में लौट गया है। पीओईएम-4 का सुरक्षित पुनःप्रवेश (Re-Entry) अंतरिक्ष में बढ़ते मलबे को रोकने की दिशा में एक और उपलब्धि है। यह अंतरिक्ष पर्यावरण और मलबा मुक्त अंतरिक्ष मिशन में भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी की प्रमुख भूमिका की पुष्टि करता है।

वक्फ के बाद ईसाई आरएसएस के निशाने पर : विजयन

नई दिल्ली। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि वक्फ बिल अल्पसंख्यकों को टारगेट करने और चरणबद्ध तरीके से उन्हें खत्म करने के प्लान का हिस्सा लगता है। उन्होंने कैथोलिक चर्चों को निशाना बनाए जाने की भी आशंका जताई। सीएम ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' के एक लेख पर चिंता जाहिर की है। इसमें चर्च की संपत्ति का जिक्र है। हालांकि, ऑर्गेनाइजर ने वह लेख अपनी वेबसाइट से हटा लिया है। राहुल गांधी ने ऑर्गनाइजर के आर्टिकल पर कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि वक्फ बिल अभी मुसलमानों पर हमला है, लेकिन आगे अन्य समुदायों को निशाना बनाया जाएगा।

लहरों पर इंजीनियरिंग का अजूबा, देश का पहला वर्टिकल-लिफ्ट सी ब्रिज तैयार

रामनवमी पर रामेश्वरम को सौगात

भारत के पहले वर्टिकल न्यू पंबन रेल ब्रिज का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

नए पुल की खासियतें...

लंबाई
2.07 किलोमीटर

अधिकतम गति
98 किलोमीटर प्रति घंटा, पुराने पुल पर 10 थी

तकनीक : वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज

पेंटिंग : पॉलीसिलोक्सेन पेंट यानी 35 वर्षों तक पेंटिंग की जरूरत नहीं

एजेंसी । रामेश्वरम

भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल यानी नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी रामनवमी के अवसर पर रविवार को करेंगे। रोडब्रिज से एक ट्रेन और एक जहाज को पीएम नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाएंगे और पुल के संचालन को देखेंगे। उद्घाटन के बाद पीएम नरेंद्र मोदी रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। बता दें कि पंबन पुल का गहरा सांस्कृतिक महत्व है। रामायण के अनुसार, श्राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था।श बता दें कि 550 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 2.08 किमी लंबे इस पुल का निर्माण किया गया है जो रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ता है।

पीएम मोदी कई परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

इसमें 99 स्पैन और 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है जो 17 मीटर की ऊंचता तक उठता है, जिससे जहाजों की सुचारू रूप से आवाजाही भी हो सकेगी और ट्रेन का भी निर्बाध संचालन हो सकेगा। स्टेनलेस स्टील, हाई लेवल के पेंट्स का इस ब्रिज में इस्तेमाल किया गया है। इसे भविष्य की मांगों को लेकर तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि दोपहर करीब डेढ़ बजे पीएम नरेंद्र मोदी राज्य में 8300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह वहां उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

इतिहास बन जाएगा पुराना पंबन ब्रिज

- 2.05 किलोमीटर लंबाई
- 1911-1913 के बीच बना
- 1964 में चक्रवात ने भारी नुकसान पहुंचाया
- 103 स्टील गर्डर बह गए, 21 कंक्रीट गर्डर नष्ट हो गए
- 60 दिनों में पुल को फिर से तैयार कर लिया गया
- 1965 में रेल सेवा शुरू हो गई
- 2007 में पुल को ब्रॉड गेज में बदला गया
- 15 कंक्रीट गर्डर स्टील से बदले गए
- 2022 से इस्तेमाल में नहीं

इस परियोजनाओं का सभी को मिलेगा लाभ

सरकार के अनुसार, इन परियोजनाओं में एनएच-40 के 28 किलोमीटर लंबे वालाजापेट-रानीपेट खंड को चार लेन का बनाने का शिलान्यास और एनएच-332 के 29 किलोमीटर लंबे विलुप्पुरम-पुडुचेरी खंड को चार लेन का बनाने का काम, एनएच-32 के 57 किलोमीटर लंबे पूंडियांकुप्पम-सत्तनाथपुरम खंड और एनएच-36 के 48 किलोमीटर लंबे चोलापुरम-तंजावुर खंड को देश को समर्पित करना शामिल है। ये राजमार्ग कई तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों को जोड़ेंगे, शहरों के बीच की दूरी कम करेंगे और मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, बंदरगाहों तक तेजी से पहुंच बनाने के अलावा स्थानीय किसानों को कृषि उत्पादों को नजदीकी बाजारों तक पहुंचाने और स्थानीय चमड़ा और लघु उद्योगों की आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने में सशक्त बनाएंगे।

क्या होता है वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज

वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज एक ऐसा पुल होता है, जिसका एक हिस्सा जरूरत पड़ने पर ऊपर उठाया जा सकता है। इससे बड़े पोत और नावें पुल के नीचे से आसानी से गुजर सकती हैं। इसमें आमतौर पर पुल के दोनों सिरों पर ऊंचे टावर होते हैं, जिनमें तारों या हाइड्रोलिक सिस्टम की मदद से पुल का मध्य भाग ऊपर-नीचे किया जाता है। नया पंबन रेलवे सी ब्रिज इसी तकनीक पर बना है, जिससे समुद्री पोतों की आवाजाही में कोई रुकावट नहीं होगी।

गर्भवती महिला की मौत पर सख्त सरकार

- **फडणवीस बोले- बनेगा एसओपी, जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई**
- **अस्पताल ने की 'नो डिपॉजिट नीति' की घोषणा**

एजेंसी । पुणे/मुंबई

इलाज में देरी के चलते गर्भवती महिला तनीषा भिसे की मौत के मामले ने महाराष्ट्र में चिकित्सा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर इस घटना को गंभीर और असंवेदनशील करार दिया और कहा कि अब इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए सरकार मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार करेगी। वहीं, विवादों में घिरे दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल ने आपातकालीन मरीजों के लिए 'नो डिपॉजिट नीति' लागू कर दी है।

> मैं मृतक के परिवार से मिला हूं और उन्हें निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया है। एक जांच समिति गठित कर दी गई है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।
> **- देवेंद्र फडणवीस,** मुख्यमंत्री

क्या है मामला?

भाजपा एमएलसी अमित गोरखे के निजी सचिव की गर्भवती पत्नी तनीषा भिसे को अस्पताल ने 10 लाख जमा न करने पर भर्ती करने से इनकार कर दिया था। बाद में उन्हें दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। लेकिन हालत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई। इस घटना से अस्पताल पर राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा।

फडणवीस का सख्त रुख

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए चैरिटी कमिश्नर कार्यालय को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही धर्मार्थ अस्पतालों के बीच समन्वय बनाने और सीएम मेडिकल सेल को निगरानी तंत्र से जोड़ने की योजना है।

अस्पताल की सफाई: अब इमरजेंसी में नहीं लेंगे जमा राशि

अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. धनंजय केलकर ने एक खुला पत्र जारी करते हुए कहा कि अब अस्पताल में इमरजेंसी के ज़रिए भर्ती होने वाले मरीजों से कोई डिपॉजिट नहीं लिया जाएगा।

पुलिसकर्मी अश्विनी बिंद्रे हत्याकांड

निरीक्षक अभय समेत तीन दोषी करार

- **11 अप्रैल को सुनाई जाएगी सजा**

ठाणे। पनवेल पुलिस स्टेशन की सहायक पुलिस निरीक्षक अश्विनी बिंद्रे हत्याकांड मामले में ठाणे कोर्ट ने शनिवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए निलंबित वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अभय कुरुंदकर समेत तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। उनके साथ कुंदन भंडारी और महेश पाटिल को भी दोषी ठहराया गया है। वहीं, सबूतों के अभाव में राजेश पाटिल उर्फ राजू पाटिल को बरी कर दिया गया। कोर्ट 11 अप्रैल को दोषियों को सजा सुनाएगा।

2016 में की गई थी बेरहमी से हत्या

सरकारी वकील प्रदीप धरात के मुताबिक, 11 अप्रैल 2016 को मीरा रोड स्थित अपने फ्लैट में अभय कुरुंदकर ने अश्विनी बिंद्रे की बेरहमी से हत्या की थी। इसके बाद शव को लकड़हारे से काटकर टुकड़ों में बांटा गया और वसई खाड़ी में फेंक दिया गया। इस वारदात में कुरुंदकर के साथ अन्य आरोपियों की भूमिका भी सामने आई।

गिरफ्तारी से लेकर अब तक : नौ साल बाद मिला न्याय

इस मामले में पुलिस ने 7 दिसंबर 2017 को अभय कुरुंदकर को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया। उसके बाद 10 दिसंबर को राजेश पाटिल को और बाद में कुंदन भंडारी व महेश फलनीकर को गिरफ्तार किया गया। ADC संगीता शिंदे अल्फांसो की अगुवाई में हुई जांच के बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया। लगभग नौ साल तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने धारा 302 (हत्या) और 218 (अधिकारिक कर्तव्य में धोखाधड़ी) के तहत अभय कुरुंदकर और दो अन्य को दोषी करार दिया है।

धनंजय मुंडे को बड़ा झटका

- **धनंजय मुंडे की गुजारा भत्ता याचिका खारिज, सत्र अदालत ने अपना आदेश रखा बरकरार**
- **करुणा शर्मा ने कोर्ट में धनंजय मुंडे के खिलाफ अहम दस्तावेज पेश किए**
- **धनंजय मुंडे अब इस फैसले को मुंबई हाईकोर्ट में दे सकते हैं चुनौती**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई की एक सत्र अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता धनंजय मुंडे को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत कोर्ट ने मुंडे की अपील खारिज कर दी। यह अपील उन्होंने एक मजिस्ट्रेट अदालत के उस आदेश के खिलाफ दायर की थी, जिसमें उन्हें एक महिला को गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया था। बता दें कि महिला का दावा है कि वह उनकी पहली पत्नी हैं।

धनंजय मुंडे की अपील खारिज

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शेख अकबर शेख जाफर ने धनंजय मुंडे की अपील को खारिज कर दिया, हालांकि इस मामले में विस्तृत आदेश अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है। जहां धनंजय मुंडे ने अपनी अपील में दावा किया था।

चार फरवरी को कोर्ट ने सुनाया था फैसला

मामले में बांद्रा मजिस्ट्रेट अदालत ने बीते 4 फरवरी को करुणा मुंडे की याचिका पर आंशिक रूप से फैसला दिया था। अदालत ने धनंजय मुंडे को अंतरिम भरण-पोषण के रूप में करुणा मुंडे को 1,25,000 रुपये प्रति माह और उनकी बेटी को 75,000 रुपये प्रति माह देने का आदेश दिया था।

क्या है मामला, समझिए

गौरतलब है कि यह मामला 2020 से शुरू हुआ था, जब करुणा मुंडे ने धनंजय मुंडे के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था। साथ ही भरण-पोषण की मांग की थी। मजिस्ट्रेट ने अभी मुख्य याचिका पर फैसला नहीं सुनाया है। ज्ञात हो कि धनंजय मुंडे को हाल ही में बीड जिले के एक सरपंच की हत्या के मामले में अपने सहयोगी की गिरफ्तारी को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन

- **राजकीय सम्मान के साथ दी गई विदाई**

मुंबई। हिन्दी सिनेमा के मशहूर कलाकार रहे मनोज कुमार का शुक्रवार को निधन हो गया। दिग्गज अभिनेता कई दिनों बीमार से चल रहे थे। उन्होंने शुक्रवार सुबह साढ़े तीन बजे मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में आखिरी सांस ली, जिसके बाद शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिग्गज अभिनेता को पवन हंस श्मशान घाट में उनके बेटे कुणाल ने मुखाग्नि दी। राष्ट्र भक्ति से सराबोर फिल्मों के लिए मशहूर मनोज कुमार को राजकीय सम्मान के साथ आखिरी विदाई दी गई।

बॉलीवुड के कई कलाकार दिग्गज अभिनेता को आखिरी विदाई देने पहुंचे। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक बच्चन के साथ, अरबाज खान खान पिता सलीम खान के साथ, सुभाष घई, राजपाल यादव, अनु मलिक, प्रेम चोपड़ा समेत कई बॉलीवुड कलाकारों ने मनोज कुमार को अंतिम विदाई दी। इस दौरान अमिताभ बच्चन सहित तमाम कलाकारों की आंखें नम हो गईं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

'रील स्टार' सुरेंद्र पाटिल नासिक से गिरफ्तार

डोंबिवली में रेप के दो मामलों में आरोपी

डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली

सोशल मीडिया पर सक्रिय और खुद को 'रील स्टार' कहने वाला सुरेंद्र पाटिल आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। रेप और धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामलों में फरार चल रहे सुरेंद्र को ठाणे एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वॉड ने नासिक के होटल सेलिब्रेशन से गिरफ्तार किया।

पहले से दर्ज हैं 14 मामले

सुरेंद्र पाटिल के खिलाफ डोंबिवली के महात्मा फुले, कोलसेवाड़ी, मानपाड़ा और रामनगर पुलिस थानों में कुल 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में वह लंबे समय से फरार था।

होटल में छिपा मिला, नासिक से गिरफ्तार

गुप्त सूचना के आधार पर ठाणे क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन यूनिट ने इंदिरानगर पुलिस स्टेशन, नासिक सिटी की मदद से पाटिल को होटल सेलिब्रेशन, नासिक से गिरफ्तार किया। उसे मानपाड़ा पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है, जहां आगे की जांच जारी है।

डोंबिवली में दो रेप के मामले दर्ज

मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में 19 वर्षीय युवती ने तीन दिन पहले बलात्कार का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद रामनगर पुलिस में तलाकशुदा महिला ने भी शिकायत दी कि आरोपी ने मशीन वापस करने का लालच देकर बार-बार बलात्कार किया। पीड़ित महिला ने बताया कि उसने ठाकुर्ली में आरोपी के गाले में पेपर प्लेट का व्यवसाय शुरू किया था, लेकिन घाटे के बाद मशीनें वापस पाने की कोशिश में उसे शोषण का शिकार होना पड़ा।

बेटा न होने पर पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाया, पति गिरफ्तार

दो बेटियों की मां थी पीड़िता

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति को इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि उसने अपनी पत्नी को बेटा न होने के चलते आत्महत्या के लिए मजबूर किया। पीड़िता ने 1 अप्रैल को अपने घर की छत से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी विशाल गवई (33) ने दर्शना (25) से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद विशाल ने अपने ससुरालवालों से पैसों की मांग शुरू की, जिससे दोनों परिवारों के बीच रिश्ते खराब हो गए। दर्शना ने दो बेटियों को जन्म दिया, जिसके बाद उसका उत्पीड़न और अधिक बढ़ गया। आरोप है कि पति द्वारा बार-बार बेटे की मांग और लगातार मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर दर्शना ने आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी।

कई धाराओं में दर्ज हुआ केस

पुलिस ने विशाल गवई को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 80 (दहेज हत्या), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) के तहत गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

फेसबुक पर दोस्ती के बाद युवती से दुष्कर्म

ब्लैकमेल कर वायरल किया अश्लील वीडियो, आरोपी गिरफ्तार

सुरेश चौहान । उल्हासनगर

सोशल मीडिया पर बढ़ती सक्रियता के बीच महिलाओं और नाबालिग युवतियों के साथ ऑनलाइन शोषण के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला उल्हासनगर में सामने आया है, जहां एक युवक ने फेसबुक पर दोस्ती कर एक युवती को पहले अपने जाल में फंसाया, फिर उसका शारीरिक शोषण कर अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने लगा।

पुलिस की तत्परता से आरोपी गिरफ्तार

पीड़िता की शिकायत पर उल्हासनगर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी पंकज राममनोहर शुक्ला (25) को गुरुवार देर रात बदलापुर के शिवाजी चौक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला है। कोर्ट में पेशी के बाद उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

शहाड के लॉज में ले जाकर किया दुष्कर्म, वीडियो बनाकर देता रहा धमकी

आरोपी ने युवती से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती की और विश्वास जीतकर शहाड स्थित एक लॉज में ले जाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने चुपके से वीडियो बना लिया और फिर बार-बार संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। जब युवती ने विरोध किया, तो आरोपी ने एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और बाकी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा।

मुंब्रा-दिवा में अनधिकृत जल कनेक्शनों पर कार्रवाई जारी

चौथे दिन 82 कनेक्शन काटे, अब तक 212 पर कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे नगर निगम ने मुंब्रा और दिवा में अनधिकृत जल कनेक्शनों के खिलाफ चौथे दिन भी सख्त कार्रवाई जारी रखी। शनिवार को 82 अवैध नल कनेक्शन ध्वस्त किए गए और 2 नए मामले दर्ज किए गए। अब तक कुल 4 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं और कुल 212 जल कनेक्शन काटे जा चुके हैं।

हर दिन तेज होती कार्रवाई

पहला दिन : 29 कनेक्शन कटे
दूसरा दिन : 44 कनेक्शन कटे
तीसरा दिन : 57 कनेक्शन कटे
चौथा दिन : 82 कनेक्शन कटे

कठोर निर्देश, संयुक्त कार्रवाई

नगर निगम आयुक्त सौरभ राव के निर्देश पर यह कार्रवाई मुंब्रा-दिवा वार्ड समिति, अतिक्रमण विभाग और जल आपूर्ति विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है। इस पूरे अभियान का संचालन अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे और मनपा अभियंता प्रशांत सोनगरा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। मनपा अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा और किसी भी अनधिकृत जल कनेक्शन को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि वे वैध जल कनेक्शन के लिए आवेदन करें और नियमों का पालन करें।

मुंब्रा और दिवा में फोकस

ठाणे मनपा की रिपोर्ट के मुताबिक, कल्याण फाटा से वाई जंक्शन तक किए गए अभियान में 03 वाणिज्यिक और 21 घरेलू अनधिकृत जल कनेक्शन काटे गए। इस दौरान 5 मोटर और पंप जब्त किए गए और एक अवैध टैंकर फिलिंग स्टेशन को भी बंद कर दिया गया। वहीं, वाई जंक्शन से मुंब्रा तक अभियान में 35 अनधिकृत आवासीय कनेक्शन, और दिवा चौक व महोत्सव मैदान के पास 23 कनेक्शन हटाए गए।

भाजपा स्थापना दिवस पर 11 स्थानों पर कार्यकर्ता सम्मेलन

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करेंगे ऑनलाइन संवाद

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ठाणे शहर जिला भाजपा द्वारा रविवार, 6 अप्रैल को शहर के 11 स्थानों पर कार्यकर्ता बैठकें आयोजित की जाएंगी। जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने जानकारी दी कि इन बैठकों के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन संवाद करेंगे।

'सशक्त संगठन' सम्मेलन होगा मुख्य आकर्षण

भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी और यह दिन पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक माना जाता है। इसी क्रम में रविवार दोपहर 1:30 बजे 'सशक्त संगठन ऑनलाइन कार्यकर्ता सम्मेलन' का आयोजन होगा, जिसमें फडणवीस कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम से पहले दोपहर 1 बजे भाजपा की स्थापना और विकास यात्रा पर व्याख्यान भी होगा। यह सम्मेलन ठाणे शहर के 11 मंडलों में एकसाथ आयोजित किया जाएगा। भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक संजय केलकर द्वारा ओवाला के सिल्वर लोन हॉल में, विधायक निरंजन डावखरे ने कोपरी के विद्यासागर सोसायटी हॉल में, प्रदेश महामंत्री माधवी नाईक खोपट के भाजपा कार्यालय में, अनिल जोगलेकर नौपाड़ा के स्वामी नारायण हॉल में, आर.जे. मिलिंद पाटणकर ठाकुर कॉलेज में, के.बी.पी. वागले एस्टेट में, अभिभाषक कॉलेज में. सुभाष काले, इंदिरानगर के ज्ञानोदय विद्या मंदिर में संदीप लेले, कलवा के सरस्वती हाई स्कूल में शरद पुरोहित, मुंब्रा के बाबाजी पाटिल हाई स्कूल में दीपक जाधव, बैठकों के जारिए जुड़ेंगे ।

कैंसर पीड़िता से दुष्कर्म

कीमो ट्रीटमेंट के दौरान पता चला

डीबीडी संवाददाता । बदलापुर

बदलापुर पूर्वी थाना क्षेत्र में कैंसर से पीड़ित 13 साल की लड़की के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। मामले का पता कीमो ट्रीटमेंट के दौरान चला। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और जांच भी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, कैंसर से पीड़ित नाबालिग लड़की इलाज के लिए बिहार राज्य से महाराष्ट्र के बदलापुर में आई थी। लड़की के परिजनों के लिए एक परिचित ने बदलापुर में रहने की व्यवस्था की थी और इलाज में भी मदद कर रहा था। इसी बीच परिचित ने उसके साथ कई बार बलात्कार किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। कैंसर पीड़िता को जब कीमो ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया तो गर्भवती होने का पता चला।

आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शुरू की जांच

पीड़ित परिवार की शिकायत पर बदलापुर पूर्वी थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही आरोपी परिचित को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले ने बताया कि कैंसर पीड़ित एक नाबालिग लड़की से रेप का मामला सामने आया है। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर FIR दर्ज कर ली गई है और आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। लड़की बिहार से अपने परिजनों के साथ इलाज के लिए आई है मामले में आगे की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सांसद बाल्या मामा का सफाईनामा

वक्फ संशोधन बिल पर वोटिंग में अस्वस्थता के कारण नहीं जा सके संसद : मामा

विपक्ष पर लगाया बदनाम करने का आरोप

शरीफ अंसारी । भिवंडी

भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने वक्फ संशोधन बिल पर संसद में हुई वोटिंग में अनुपस्थित रहने को लेकर सफाई दी है। शनिवार को आयोजित एक पत्रकार परिषद में उन्होंने कहा कि वे खराब स्वास्थ्य के चलते उस दिन संसद नहीं जा सके, लेकिन विपक्ष उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहा है और दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा करना चाहता है।

मुख्य धार्मिक यात्रा से भी रहे अनुपस्थित

बाल्या मामा ने बताया कि जिस दिन संसद में मतदान हुआ, उसी दिन करला में उनकी आस्था का केंद्र श्री एकवीरा देवी यात्रा की बैठक भी थी, जिसमें वे शरीक नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि जब मैं अपनी सबसे आस्थावान यात्रा में नहीं जा सका, तो यह स्पष्ट है कि मेरी तबीयत वाकई खराब थी।

सामाजिक कार्यकर्ताओं की आलोचना पर जताई नाराजगी

सांसद ने कहा कि कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा कारणों से प्रशासन के निर्णयों को लेकर उन्हें निशाना बनाया, जिस पर उन्होंने पुलिस उपायुक्त को लिखित शिकायत दी है। बाल्या मामा ने कहा कि वे वक्फ बोर्ड समिति के सक्रिय सदस्य हैं और हर बैठक में भाग लिया है। उन्होंने कहा, 'मैंने इस विधेयक पर अपनी पार्टी और अपने विचार मजबूती से रखे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी अनुपस्थिति को लेकर विपक्ष जानबूझकर मुस्लिम समुदाय में भ्रामक संदेश फैला रहा है, ताकि उन्हें बदनाम किया जा सके। बाल्या मामा ने अंत में कहा, 'हम अपने काम और ईमानदारी से विपक्ष को जवाब देंगे। पार्टी के निर्णयों और स्टैंड के पीछे मैं मजबूती से खड़ा हूं।'

पकड़ा गया असली हत्यारा

निर्दोष युवक की रिहाई की प्रक्रिया शुरू

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

कल्याण के आटाळी क्षेत्र में 60 वर्षीय रंजना पाटेकर की हत्या के मामले में पुलिस ने असली अपराधी चांद उर्फ अकबर महम्मद शेख को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक निर्दोष युवक, दीपेश सपकाळे, को 15 दिनों तक जेल में रहना पड़ा था, लेकिन अब उसकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

क्या है मामला?

रंजना पाटेकर की हत्या लूट के इरादे से की गई थी। आरोप है कि चांद ने रंजना के गले से सोने के आभूषण चुराए। प्रारंभिक जांच में, रंजना के रिश्तेदारों ने दीपेश पर संदेह जताया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। हालांकि, दीपेश के पास से कोई चोरी का सामान बरामद नहीं हुआ और अंततः यह साबित हुआ कि उसने हत्या नहीं की थी।

खुलासा कैसे हुआ?

चांद ने स्वीकार किया कि उसने रंजना की हत्या की थी। चांद ने रंजना के घर पर कई दिनों तक नजर रखी थी और पानी मांगने के बहाने घर में प्रवेश किया। जब रंजना पानी लाने गईं, तब चांद ने उन्हें पकड़ लिया और हत्या कर दी। पुलिस ने चांद के पास से चोरी के 1 लाख 5 हजार रुपये के आभूषण भी बरामद किए हैं।

पुलिस की कार्रवाई

इस मामले की जांच उपायुक्त अतुल झेंडे सहायक आयुक्त कल्याणजी घेटे और खडकपाडा पुलिस द्वारा की जा रही है, जिसमें वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक डॉ. अमरनाथ वाघमोडे, पुलिस निरीक्षक संदीप शिवले, सहायक पुलिस निरीक्षक विजय गायकवाड, अनिल गायकवाड, उपनिरीक्षक अर्जुन दांडेगावकर, सुधीर पाटील, हवालदार राजु लोखंडे, योगेश बुधकर, कुंदन भामरे, संदीप भोईर, किरण शिर्के, विनोद कामडी, ज्योती देसले, संजय चव्हाण, महेश बगाड, ललित शिंदे, राहुल शिंदे, अविनाश पाटील, अनंता देसले, सुरज खंडाळे, मनोहर भोईर, और धनराज तरे की टीम शामिल है।

पन्ना कंपाउंड में मोती पाउडर फैक्ट्री में भीषण आग

पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

शहर के पन्ना कंपाउंड स्थित एक मोती पाउडर बनाने के गोदाम में शनिवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में उसने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां और भिवंडी मनपा के तीन पानी टैंकर मौके पर पहुंचे। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया।

लाखों का माल जलकर राख, जनहानि नहीं

सुबह करीब साढ़े 8 बजे गोदाम से धुआं उठता देख स्थानीय लोग जमा हो गए और तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आग से लाखों रुपये का माल जलकर खाक हो गया। आग लगने के पीछे का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है और गोदाम में आग लगने की वजह पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

मार्च महीने में दोपहिया दुर्घटनाओं ने ली 15 युवाओं की जान

तेज़ रफ्तार, खराब सड़कें और नियमों की अनदेखी बनीं हादसों की बड़ी वजह

डीबीडी संवाददाता । पालघर

जिले के ग्रामीण इलाकों में मार्च महीने में सड़क दुर्घटनाओं का जो आंकड़ा सामने आया है, वह बेहद चिंताजनक है। अकेले मार्च में सड़क हादसों में 20 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 15 की जान दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में गई। इन मृतकों में ज़्यादातर युवा शामिल हैं, जिससे न सिर्फ माता-पिता बल्कि पुलिस और प्रशासन भी चिंतित हैं। पालघर जिले के बोईसर, सफाले, मनोर, तारापुर, दहानू, तलासरी, विक्रमगढ़, जव्हार और वाडा जैसे इलाकों में अधिकतर हादसे सड़कों की खराब हालत, तेज रफ्तार, नशे में वाहन चलाना और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के चलते हुए। सबसे अधिक दुर्घटनाएं 18 से 25 वर्ष की उम्र के युवाओं के साथ हो रही हैं।

हेलमेट और नियमों को लेकर लापरवाही

जिला परिवहन शाखा और पुलिस द्वारा समय-समय पर सड़क सुरक्षा सप्ताह और जनजागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। बावजूद इसके, हेलमेट पहनना और यातायात नियमों का पालन अब भी उपेक्षा का शिकार हैं। ग्रामीण और कस्बाई बाजारों में दोपहिया वाहन आसान मासिक किस्तों पर आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे युवाओं में बाइक खरीदने का चलन बढ़ा है। लेकिन ज़्यादातर युवा बिना उचित प्रशिक्षण के ही वाहन लेकर सड़क पर उतर जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के कुरैश नगर मस्जिद में रविवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ तंजीम उलमा-ए-अहले सुन्नत और रज़ा एकेडमी भिवंडी की ओर से एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के तमाम धर्मगुरु, मस्जिदों के जिम्मेदारों और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। इस अवसर पर आल इंडिया सुन्नी जमीयत उलमा के अध्यक्ष और प्रसिद्ध धर्मगुरु सैय्यद मोइन मियां अशरफ जीलानी और रज़ा एकेडमी के संस्थापक अल्हाज मोहम्मद सईद नूरी की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान सभी लोगों ने हाथों में प्लेकार्ड लेकर बिल के खिलाफ नारेबाजी की। सैय्यद मोइन मियां अशरफ जीलानी ने बैठक में कहा कि वक्फ संशोधन बिल संविधान और देश के दस्तूर के खिलाफ है। यह नागरिकों के अधिकारों को खत्म करने वाला है। इस बिल का हम पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में सभी धर्मों के लोग इस बिल के विरोध में एकजुट हैं, चाहे वे हिंदू हों, मुस्लिम हों या ईसाई। उन्होंने यह भी घोषणा की कि एक प्रतिनिधिमंडल मुंबई से दिल्ली जाकर विशेषज्ञ वकीलों से परामर्श करने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करेगा।



रामनवमी को लेकर मुंबई में सुरक्षा चाक-चौबंद

13,500 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

रामनवमी को लेकर मुंबई सहित महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। 6 अप्रैल को रामनवमी के पर्व पर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुंबई पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है।

मुंबई में 13,580 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे

रामनवमी के दिन मुंबई पुलिस के कुल 13,580 जवान सड़क पर तैनात रहेंगे। इसमें 20 डीसीपी, 51 एसीपी और 2500 पुलिस अधिकारी शामिल होंगे, जबकि 11,000 पुलिस कर्मचारी और SRPF की 9 टीमें भी तैनात रहेंगी। संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

पिछली घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बरती जा रही सावधानी

रामनवमी के मौके पर कई जगहों से शोभा यात्राएं निकाली जाती हैं। बीते वर्ष रामनवमी पर कुछ क्षेत्रों में तनाव की स्थिति बनी थी, जिसे देखते हुए इस बार पुलिस किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

अंधेरी में निकला पुलिस का फ्लैग मार्च

मुंबई के अंधेरी इलाके में संकट मोचन मंदिर से चकला, मरोल पाइपलाइन और मरोशी रोड तक पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। यह इलाका रामनवमी पर यात्राओं का मुख्य केंद्र रहता है। फ्लैग मार्च के ज़रिए स्थानीय लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी अलर्ट

नागपुर समेत महाराष्ट्र के अन्य शहरों में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। जहां पूर्व में तनावपूर्ण घटनाएं दर्ज हुई थीं, वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है। ड्रोन के ज़रिए निगरानी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। नागपुर में रामनवमी की शोभा यात्रा के लिए दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

बुकमायशो ने कलाकारों की सूची से कुणाल कामरा का नाम हटाया

शिवसेना नेता राहुल कनाल का दावा, जताया आभार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) का आक्रामक रुख जारी है। शिवसेना ने दावा किया है कि उनकी मांग पर बुकमायशो ने कुणाल कामरा का नाम कलाकारों की सूची और टिकटिंग प्लेटफॉर्म से हटा दिया है। इस पर पार्टी की ओर से कंपनी के सीईओ को पत्र लिखकर धन्यवाद भी दिया गया है।

'बुकमायशो ने भावनाओं का सम्मान किया'

शिवसेना के सोशल मीडिया प्रभारी राहुल कनाल ने बुकमायशो के सीईओ आशीष हेमराजानी को पत्र लिखकर कहा, 'मैं आपकी टीम को दिए गए निरंतर समर्थन के लिए कृतज्ञ हूं। कुणाल कामरा को टिकटिंग और प्रमोशन सूची से हटाने के लिए धन्यवाद। आपने मुंबईकरों की भावनाओं का सम्मान किया है। हम कला का सम्मान करते हैं, लेकिन किसी व्यक्तिगत एजेंडे को नहीं। आपका व्यक्तिगत जुड़ाव और नेतृत्व सराहनीय है। हमें खुशी है कि आपने हमारी टीम से संवाद किया और त्वरित निर्णय लिया।'

गाने के जरिए 'गद्दार' कहने पर बवाल

हाल ही में कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता पर बिना नाम लिए एक गाने के जरिए 'गद्दार' कहकर निशाना साधा था। यह बात शिवसेना को नागवार गुजरी। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने कामरा के एक शो की मेजबानी कर रहे स्टूडियो में तोड़फोड़ की थी। कामरा के खिलाफ मुंबई और ठाणे में एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। मुंबई पुलिस ने उन्हें तीन समन भेजे, लेकिन कामरा अब तक किसी में हाजिर नहीं हुए हैं।

बुकमायशो की चुप्पी

हालांकि, बुकमायशो की ओर से अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। वेबसाइट पर भी कामरा से जुड़े कार्यक्रम या उनका नाम फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा।

अनिल देशमुख की किताब पर लग सकता है प्रतिबंध : सुले

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की पुस्तक 'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर' को लेकर राज्य की सियासत एक अलग गर्माहट देखने को मिल रही है। इसी बीच मामले में एनसीपी-एसपी नेता सुप्रिया सुले का एक बड़ा दावा सामने आया है। शनिवार को सुले ने महाराष्ट्र सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य सरकार वरिष्ठ नेता अनिल देशमुख की पुस्तक डायरी ऑफ होम मिनिस्टर पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है।

किताब से होंगे कई बड़े खुलासे- सुप्रिया सुले

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सुप्रिया सुले ने कहा कि महा विकास अघाड़ी सरकार में राज्य के गृह मंत्री के रूप में काम कर चुके अनिल देशमुख ने अपनी पुस्तक में कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि यह समझा जा रहा है कि सरकार पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की किताब 'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर' पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि पुस्तक में कई सनसनीखेज खुलासे किए गए हैं। यदि इसे प्रतिबंधित किया जाता है, तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का प्रयास होगा।

अंतत होगी सच्चाई की जीत- सुले

इसके साथ ही एनसीपी-एसपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि फडणवीस सरकार को याद रखना चाहिए कि चाहे वो कितनी भी कोशिशें कर लें, सच्चाई की आवाज को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। अंतत: सच्चाई की ही जीत होगी।

देशमुख की किताब- डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर

गौरतलब है कि महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की किताब 'डायरी ऑफ ए होम मिनिस्टर' साल 2024 में मराठी भाषा में प्रकाशित हुई थी। इस किताब में कई मुद्दों का विस्तार से चर्चा किया गया है। खासकर 100 करोड़ की रिश्वत की मांग, बिजनेस मैन मुकेश अंबानी के घर एंटिलिया के बाहर विस्फोटक रखने और धन शोधन के मामले में उनकी गिरफ्तारी जैसे आरोपों पर गहन चर्चा की गई है।

उद्योगपतियों को वक्फ संपत्तियां देगी बीजेपी : संजय राउत

राउत नेता बोले- अंतिम समय तक भाजपा नेताओं ने साधा संपर्क

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सियासी घमासान जारी है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि इस विधेयक पर समर्थन हासिल करने के लिए भाजपा के केंद्रीय और महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेताओं ने आखिरी समय तक उनकी पार्टी से संपर्क बनाए रखा था। राउत ने आरोप लगाया कि यह विधेयक कानूनी ढांचे में भ्रष्टाचार लाने और करीब दो लाख करोड़ रुपये की वक्फ संपत्तियों को भाजपा के करीबी उद्योगपतियों को देने के इरादे से लाया गया है।

बीजद पर भी दबाव बनाने का आरोप

संजय राउत ने कहा कि भाजपा ने ओडिशा की बीजद (BJD) से भी समर्थन मांगा था और पार्टी पर दबाव बनाया गया था। हालांकि, बीजद ने विधेयक का विरोध किया और अपने सांसदों को व्हिप जारी नहीं कर, उन्हें विवेक के आधार पर वोट करने की छूट दी।

'भ्रष्टाचार और ध्यान भटकाने की साजिश'

राज्यसभा में चर्चा के दौरान भी राउत ने भाजपा पर हमला बोला था। उन्होंने कहा कि सरकार को मुसलमानों की इतनी चिंता है कि जितनी मोहम्मद अली जिन्ना को भी नहीं थी। जिन्ना की आत्मा शायद आपके अंदर समा गई है। पहले लगता था कि आप हिंदू राष्ट्र बना रहे हैं, लेकिन अब लगता है कि आप हिंदू पाकिस्तान बना रहे हैं। राउत ने यह भी कहा कि यह विधेयक अमेरिका द्वारा भारत पर 26% टैरिफ लगाए जाने के मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश है।

जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड पर अंधेरे ने निगली एक और ज़िंदगी की रोशनी

मुंबई। जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड पर बीती रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने एक बार फिर शहर की जर्जर व्यवस्था को बेनकाब कर दिया। सड़क पर पसरे घुप्प अंधेरे में एक तेज़ रफ्तार डंपर ने पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर जांघ से कुचल गया। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए प्रशासन को ज़िम्मेदार ठहराया। उनका कहना है कि इस सड़क पर स्ट्रीट लाइट्स महीनों से बंद पड़े हैं और कई बार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक गुस्साए नागरिक ने कहा कि हर बार सिर्फ फाइलें चलती हैं, लाइट नहीं। इस लिंक रोड पर रात के समय घना अंधेरा छा जाता है, जिससे हर दिन वाहनचालक और राहगीर खतरे में रहते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों द्वारा कई बार लाइट्स सुधारने की मांग की गई, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

घायल की हालत गंभीर

घायल व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद स्थानीय लोग अब सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। उनका सवाल है कि आज एक टांग गई, कल जान भी जाएगी... आखिर कब मिलेगा इस अंधेरे से मुक्ति?

चेंबूर में अवैध हथियारों की बिक्री की साजिश नाकाम, एक गिरफ्तार

गुप्त सूचना पर आरसीएफ पुलिस की कार्रवाई

दो देसी पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद

मुंबई। आरसीएफ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चेंबूर इलाके में अवैध हथियारों की बिक्री की साजिश को नाकाम करते हुए एक कुख्यात युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दो देसी पिस्तौल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस उपनिरीक्षक मैत्रानंद खंडारे और उनकी टीम ने परिमंडल-6 की आतंकवाद निरोधक इकाई के समन्वय में गुरुवार को यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, आरोपी चेंबूर के जीजामाता जंक्शन के पास हथियार बेचने आने वाला था। पुलिस ने मौके पर जाल बिछाकर उसे धरदबोचा।

उत्तर प्रदेश का रहने वाला है आरोपी

गिरफ्तार युवक की पहचान अंगत सिंह श्रीगुण गोपाल जाधव (29) के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के शिरसा पोस्ट स्थित स्टोली गांव का निवासी है। तलाशी के दौरान उसके पास से दो देसी पिस्तौल और आठ जिंदा कारतूस मिले।

पश्चिम रेलवे

निर्माण कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008. **ई-टेंडर सूचना संख्या: बीसीटी/25-26/03,दिनांक 03/04/2025. आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** बांद्रा पाली हिल कॉलोनी में अधिकारी विश्राम गृह का निर्माण (संयुक्त कार्य)। **कार्य की अनुमानित लागत:**5,45,53,554.17 रु. **ईएमडी:** 4,22,800/- रु.**जमा करने की तिथि और समय:** 25.04.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 25.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। 0012

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

साइड पाथवे का प्रावधान

उप मुख्य अभियंता (पुल-लाइन), पश्चिमी रेलवे, दादर **ई-निविदा संख्या: DYCE-BR-DDR-2025-06 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** "मुंबई डिवीजन में ADEN (Br.) वलसाड के अधिकार क्षेत्र में SSE (पुल) भायंदर के मीरा रोड-दहिसर खंड के बीच पुल संख्या 72 अप और डाउन थ्रू और लोकल लाइन पर साइड पाथवे का प्रावधान"। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,00,25,478.11, **ईएमडी:** 2,00,100/-,**ई-निविदा प्रस्तुत करने और ई-निविदा खोलने की तिथि और समय:** ऑनलाइन निविदा 02.05.2025 को 15:00 बजे से पहले प्रस्तुत की जानी है, और उसी तिथि 02.05.2025 को 15:30 बजे खोली जानी है। वेबसाइट विवरण और स्थान के लिए सूचना जहाँ पूर्ण विवरण देखा जा सकता है आदि: **Website@www.ireps.gov.in** 0013

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

दूरसंचार संवर्धन एवं सुधार कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008 **ई-निविदा संख्या: WR-MMCT-SnT-STTD-17-2024R दिनांक: 02/04/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** दूरसंचार संवर्धन और सुधार कार्य मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे। **कार्य लागत :**रु.3,96,77,046.24,**ईएमडी:**रु.3,48,400/- **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने का समय और तिथि:** 02.05.2025 को 15:00 बजे। **ई-निविदा खोलने का समय और तिथि:** 02.05.2025 को 15:30 बजे। निविदा को वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। 0010

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

मध्य रेल

ईंधन भरने की सुविधाओं का विस्तार

कार्य का नाम: लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन नवनिर्मित पीएफ संख्या- 6 और 7 तथा पुराने प्लेटफार्म संख्या 5 पर ईंधन भरने की सुविधाओं का विस्तार (छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस अंत) - चरण II. **अंदाजित मूल्य:** ₹ 58,71,117/- जीएसटी लागू. **बयाना राशि जमा:** ₹ 1,17,400/-. **निविदा दस्तावेज शुल्क:** Nil. **निविदा दस्तावेज जमा करने की तिथि एवं समय:**24/04/2025 को 15:00 बजे तक. निविदाएं केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-टेंडरिंग प्रारूप में स्वीकार की जाएंगी। निविदा दस्तावेज वेबसाइट में उपलब्ध है।

खुली निविदा सूचना संख्या: सीआर-बीबी-ओपी-एक्सटेंशन दिनांक 02/04/2025 Sai/011

रेलवे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है

'बैंकों में मराठी भाषा लागू करने का आंदोलन बंद करो'

मनसे कार्यकर्ताओं से राज ठाकरे ने पत्र लिखकर की अपील

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से बैंकों और अन्य प्रतिष्ठानों में मराठी भाषा के इस्तेमाल को लागू करने के लिए आंदोलन को फिलहाल रोकने को कहा, क्योंकि 'हमने इस मुद्दे पर पर्याप्त जागरूकता पैदा कर दी है।' पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में राज ठाकरे ने कहा कि आंदोलन ने स्थानीय भाषा के इस्तेमाल पर भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों का पालन न करने के परिणामों को दिखाया है।

'आंदोलन को रोकने में अब कोई समस्या नहीं'

उन्होंने आगे कहा, 'इस आंदोलन को रोकने में अब कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हमने इस मुद्दे पर पर्याप्त जागरूकता पैदा कर दी है।' इसके साथ ही राज ठाकरे ने चेतावनी देते हुए कहा, 'आंदोलन को फिलहाल रोक दें, लेकिन इससे ध्यान न भटकने दें। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह सुनिश्चित करे कि कानून का पालन हो। जहां भी कानून का पालन नहीं किया जाता है, जहां भी मराठी मानुष को हल्के में लिया जाता है या उसका अपमान किया जाता है, मनसे उनसे चर्चा करेगी।'

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने सीएम को लिखा था पत्र

पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए गए उनके निर्देश यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की तरफ से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे गए पत्र के एक दिन बाद आए हैं, जिसमें कहा गया है कि मनसे कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले लोग बैंक शाखाओं में जा रहे हैं और कर्मचारियों को धमका रहे हैं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने फडणवीस को लिखे पत्र में कहा, 'उनकी मांग है कि सभी डिस्प्ले बोर्ड केवल मराठी में हों और सभी अधिकारी केवल मराठी में ही बोलें।' इसमें कहा गया है कि बैंक अधिकारियों को धमकाया गया और उन पर हमला किया गया।

सीएम फडणवीस ने सख्त कार्रवाई की दी थी चेतावनी

इसके बाद, फडणवीस ने शुक्रवार को कानून को अपने हाथ में लेने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। राज ठाकरे ने कहा कि आरबीआई के नियमों को लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, 'हम किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं देंगे, लेकिन हम ऐसा नहीं करना चाहते। चूंकि आप कानून के रक्षक हैं, इसलिए आपको इस मामले में आरबीआई के नियमों को लागू नहीं करना चाहिए।'

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

संपादकीय

न्यायाधीशों की संपत्ति

ऐसे वक्त में जब न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता की मांग सार्वजनिक विमर्श में है, सुप्रीम कोर्ट के सभी वर्तमान न्यायाधीशों के द्वारा न्यायालय की वेबसाइट पर विवरण प्रकाशित करके अपनी संपत्ति का सार्वजनिक रूप से खुलासा करने पर सहमति व्यक्त करना सुखद ही है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। दरअसल, यह कदम न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग में नोटों का जखीरा जलने के समाचार प्रकाश में आने के कुछ समय बाद उठाया गया है। उल्लेखनीय है घटना के समय वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। निश्चय ही इस घटनाक्रम से समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। जनता हमेशा से ही पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा रखती है। दरअसल, न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति के खुलासे का मुद्दा दशकों तक सार्वजनिक विमर्श में उठता रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में, सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार उसके सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी थी। इसी प्रकार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को ये विवरण उनके राज्य के मुख्य न्यायाधीशों के समक्ष पेश करने थे। यहां ये उल्लेखनीय है कि इस प्रस्ताव के साथ एक शर्त भी जुड़ी थी कि ये घोषणाएं स्वैच्छिक और गोपनीय रहेंगी। लेकिन साथ ही सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी रहा कि जनता भी इन जानकारियों को जानने की इच्छुक रहती है। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2005 में सूचना के अधिकार अधिनियम को एक उम्मीद की किरण के रूप में देखा गया। लेकिन सूचना के अधिकार अधिनियम के एक प्रावधान में व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक करने में छूट दी गई थी। तर्क दिया गया था कि जब तक व्यापक सार्वजनिक हित में जरूरी न हो, प्रकटीकरण में छूट दी जाए। दरअसल, इन प्रावधानों से न्यायाधीशों की संपत्ति की घोषणाओं की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं के लिए एक अवरोध पैदा हुआ। यहां उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति देते हुए कहा था कि सूर्य का प्रकाश वास्तव में सबसे अच्छा कीटाणुनाशक है। इस वक्तव्य के आलोक में न्यायाधीशों को भी अपनी संपत्ति के बारे में वास्तविक जानकारी सार्वजनिक परिदृश्य में रखने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। अन्यथा तथ्यों की परदादारी जनमानस के मन में कतिपय संशयों को भी जन्म दे सकती है। न्यायिक परिदृश्य में पारदर्शिता उजागर करने में विधायिका की सक्रिय भूमिका भी वक्त की मांग है। यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि विधि एवं न्याय विभाग की संसदीय समिति ने वर्ष 2023 में न्यायाधीशों के लिये अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा की सिफारिश की थी। लेकिन इस बाबत अभी तक कोई वैधानिक नियम नहीं बनाए गए हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई व्यवस्था होनी चाहिए। यह प्रश्न न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता और जबावदेही से भी जुड़ा है। यह सुखद होगा कि यदि ऐसी कोई पहल स्वयं न्यायपालिका की तरफ से होती है। न्यायपालिका हमेशा से समाज में पारदर्शिता व व्यावसायिक शुचिता की पक्षधर रही है। जनता इस कसौटी पर अपने पंच परमेश्वरों को भी खरा उतरता देखना चाहती है। निस्संदेह इस तरह के फैसले का दूरगामी प्रभाव भी होगा। इस दिशा में किसी भी पारदर्शी व्यवस्था का समाज में स्वागत ही होगा। ऐसे किसी भी कदम से उस आम आदमी के विश्वास को भी बल मिलेगा जो हर तरह के अन्याय व भ्रष्टाचार से तंग आकर उम्मीद की अंतिम किरण के रूप में न्यायालयों का रुख करता है। वो न्याय देने वालों को न्याय की हर कसौटी पर खरा उतरना देखना चाहता है।

मानवीय रचनात्मकता को एआई टूल्स की चुनौती



दिनेश सी. शर्मा

डिजिटल दुनिया में एक नया चलन जोर पकड़ रहा है। उपयोगकर्ताओं ने एक्स, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर एआई तकनीक की मदद से प्रसिद्ध जापानी एनिमेटर हयाओ मियाज़ाकी की शैली में निर्मित अपनी, परिजनों और अन्य तस्वीरों की बाढ़-सी ला रखी है। मियाज़ाकी सुप्रसिद्ध घिबली स्टूडियो के संस्थापक हैं, जिसने पिछले चार दशकों में जाने-माने एनिमेशन चरित्रों को पैदा किया है।

हल्के, पेस्टल रंगों में पात्रों को चित्रित करने की विशिष्ट शैली को घिबली कला के रूप में जाना जाता है। हालांकि, उपयोगकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन पोस्ट की जा रही कला मूल घिबली न होकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) टूल्स का उत्पाद है, जो कि परीक्षण के आधार पर मुफ़्त में उपलब्ध है। राजनेता, फैशन और खेल जगत के स्थापित चेहरे और मशहूर हस्तियों सहित लाखों उपयोगकर्ता इस शैली में चित्र बनाने के लिए एआई टूल्स का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि जेनेरेटिव एआई टूल जो इस सामग्री को बनाने में उपयोग किए जा रहे हैं। पिछले कुछ सालों से वजूद में हैं, लेकिन वर्तमान चलन की चिंगारी को ओपन एआई द्वारा विकसित एक नए टूल्स ने भड़काया है। चैट जीपीटी हो या बृहद भाषा मॉडल (लार्ज लैंग्वेज मॉडल अर्थात एलएलएम), ये टूल्स चंद शब्दों वाली निर्देशावली (टेक्स्ट) के आधार पर विस्तृत लेख, पुस्तक अध्याय, सोशल मीडिया पोस्ट इत्यादि वांछित सामग्री उत्पन्न कर देते हैं। नवीनतम मल्टीमॉडल जेनेरेटिव एआईटूल इनपुट के रूप में टेक्स्ट, तस्वीर, वीडियो, आवाज और संगीत के नमूने का उपयोग करते हुए वांछित आउटपुट को चित्र और वीडियो के रूप में निर्मित करके दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई डीएएलएल-ईको एमएफ हुसैन या जैमिनी रॉय की शैली में दिल्ली की सड़क की पेंटिंग बनाने का निर्देश दे, तो वह कुछ सेकंड के भीतर बनाकर पेश कर देगा। हालांकि, इस मासूमियत के तले टेक्स्ट और इमेज-जेनेरेटिव एआई सिस्टम से संबंधित गंभीर नैतिकता के मुद्दे छिपे हुए हैं।

कोई भी एआई सिस्टम विभिन्न स्रोतों से एकत्र किए गए वास्तविक डाटा पर काम करता है। एआई टूल्स को प्रशिक्षित करने में भारी मात्रा में डाटा की जरूरत पड़ती है। यदि किसी एलएलएम को अमिताभ घोष या रस्किन बॉन्ड की शैली में एक छोटी-सी कहानी बनाने के लिए कहा जाए तो इसे वह इन लेखकों की तमाम रचना का भारी-भरकम डाटा खंगालने के बाद उत्पन्न करता है। इस सामग्री का अधिकांश हिस्सा कॉपीराइट वाला होता है, और एआई कंपनियों ने अपने सिस्टम को 'प्रशिक्षित' करने के लिए लेखकों से इसके लिए समुचित अधिकार खरीदे नहीं होते। यही बात घिबली स्टूडियो सरीखी या हुसैन जैसे उस्तादों की पेंटिंग्स बनाने पर लागू है। एआई कंपनियां दावा करती हैं कि वे केवल सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध डाटा का ही उपयोग कर रही हैं, लेकिन उनके इस दावे को सृजनकर्ता पचा नहीं पा रहे। कॉपीराइट कानूनों में अंतर्निहित 'उचित इस्तेमाल' प्रावधान का दुरुपयोग यह तकनीक बनाने वाली कंपनियां कर रही हैं।

इस तरह के उल्लंघन से निपटने के लिए मौजूदा कॉपीराइट ढांचे अपर्याप्त हैं। दरअसल, जेनेरेटिव एआई रचनात्मकता के मूल विचार पर हमला कर रहा है। पेंटिंग हो या कोई किताब, कार्टून चरित्र या फिर संगीत का मुखड़ा, यह सब किसी कलाकार की रचनात्मक अभिव्यक्ति के स्वरूप हैं। उदाहरण के लिए, घिबली स्टूडियो का काम जापानी समाज और संस्कृति का एक नमूना है, यह ठीक वैसा है जैसा कि वॉल्ट डिज़नी स्टूडियो की रचनाएं अमेरिकी संस्कृति को दर्शाती हैं। ऐसे रचनात्मक कार्यों को किसी मशीन या एआई सिस्टम को बनाने के लिए सौंप देना मानवीय रचनात्मकता और जुनून के मूल विचार के विरुद्ध है। एआई कंपनियां वह करने में लगी हैं, जिसे आलोचक डाटा-चोरी कहते हैं और यह करके वे सृजनकर्ता के श्रेय और पैसा, दोनों पर डाका डाल रही हैं। प्रत्येक नए जेनेरेटिव मॉडल बनने के साथ जो सृजनकर्ताओं के अनगिनत काम और मेहनत पर आधारित होता है एआई कंपनियों की दौलत में खरबों डॉलर का इजाफा हो जाता है। वे इन मॉडलों को प्रति संस्करण हज़ारों डॉलर मूल्य में दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं को बेच रही हैं, जबकि मूल सृजनकर्ता के पल्ले कुछ नहीं पड़ता। एआई टूल के मुफ़्त संस्करणों के उपयोग से निर्मित छवियों के साथ डिजिटल दुनिया में मची रेलमपेल, जैसा कि घिबली कला के मामले में हुआ पड़ा है, प्रौद्योगिकी कंपनियां ऐसी मशीन-जेनेरेटेड कला को सामान्य बनाना चाहती हैं। व्यावसायिक फिल्म स्टूडियो और नेटवर्क उन्हें सिर्फ श्रम लागत बचाने की गर्ज से अपना रहे हैं। वे एनिमेटरों की फौज को काम पर रखने की बजाय एआई तकनीक में पारंगत चंद लोगों से काम चलाने लगी हैं। इस प्रवृत्ति से भारत में भी खतरे की घंटी बज जानी चाहिए, क्योंकि हजारों भारतीय तकनीकी विशेषज्ञ हॉलीवुड स्टूडियो के लिए आउटसोर्स ठेके पर एनिमेशन कार्य में लगे हुए हैं। हालांकि, वे भी कंप्यूटर ग्राफिक्स और अन्य टूल्स का उपयोग करते हैं। लेकिन जेनेरेटिव एआईटूल स्वचालित होने की वजह से सब कुछ बनाना किसी दूसरे ही स्तर पर पहुंच चुका है। कॉपीराइट को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ना विकल्पों में से एक हो सकता है। किताबों और संगीत जैसे रचनात्मक कार्यों के कुछ प्रकाशक एवं कॉपीराइट धारक एआई कंपनियों के साथ औपचारिक समझौते करने में लगे हैं ताकि एआई सिस्टम को 'प्रशिक्षित' करने में उनकी किताबों और अन्य काम का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के एवज में राजस्व-साझाकरण सुनिश्चित हो सके।

उन्हें लगता है कि जब तकनीक बनाने वाली कंपनियां डाटा प्रशिक्षण के लिए उनके काम का उपयोग पहले ही बिना पूछे कर रही हैं, तो क्यों न इसे औपचारिक रूप दे दिया जाए और उनकी कमाई में हिस्सा बांट लिया जाए। डाटा प्रशिक्षण के लिए किसी के काम का इस्तेमाल करने की अनुमति आपसी सहमति से देना भी एक अन्य विकल्प है, खासकर जब मामला व्यक्तिगत कलाकारों के काम का हो। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों को भी उपयोगकर्ताओं को एआई-जनरेटेड छवियों, वीडियो और एनिमेशन बनाने की खुली छूट देने के प्रति अधिक संवेदनशील होना पड़ेगा। घिबली ट्रेंड हानिरहित और प्यारा लग सकता है, लेकिन वास्तव में यह हम सभी के लिए एक चेतावनी है।

जीवन मंत्र

ताकत शरीर में नहीं, आत्मबल में होती है

कई बार शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी अपने आत्मबल से बड़े-बड़े काम कर जाते हैं। इसलिए जीवन में बाहरी दिखावे से ज़्यादा ज़रूरी है आत्मा की मजबूती। आत्मबल ही वह नींव है जिस पर सच्चा चरित्र और महानता खड़ी होती है।

अक्सर हम ताकत का मापदंड केवल शारीरिक बल या बाहरी शक्ति से करते हैं, लेकिन असली ताकत वह होती है जो मन और आत्मा के भीतर से आती है। आत्मबल वह आंतरिक ऊर्जा है जो कठिन से कठिन परिस्थिति में भी व्यक्ति को टूटने नहीं देती। जब कोई व्यक्ति संकटों के बीच भी मुस्कुरा पाता है, अपने सिद्धांतों और सच्चाई पर अडिग रहता है, अपने सपनों के लिए लड़ता है – तब वह अपनी आत्मिक ताकत का प्रमाण देता है। इतिहास गवाह है कि अनेक महापुरुषों ने बिना हथियार उठाए, केवल अपने आत्मबल से पूरे साम्राज्य हिला दिए। महात्मा गांधी जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं, जिन्होंने बिना हिंसा के सत्य और अहिंसा की ताकत से एक पूरी गुलाम कौम को आजादी दिलाई। आत्मबल का मतलब हैअकेले होने पर भी सही के लिए खड़े रहना, और हार न मानना। यह वह शक्ति है जो न तो उम्र देखती है, न शरीर की क्षमता। कई बार शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी अपने आत्मबल से बड़े-बड़े काम कर जाते हैं। इसलिए जीवन में बाहरी दिखावे से ज़्यादा ज़रूरी है आत्मा की मजबूती। आत्मबल



ही वह नींव है जिस पर सच्चा चरित्र और महानता खड़ी होती है। जब हम आत्मबल को पहचान लेते हैं, तो कोई डर, कोई असफलता और कोई बाधा हमारे रास्ते की दीवार नहीं बन सकती। यही जीवन की असली विजय है। यह विचार हमें याद दिलाता है कि असली शक्ति भीतर की होती है, न कि केवल बाहरी मांसपेशियों में। आत्मबल वह अदृश्य शक्ति है जो इंसान को विपरीत परिस्थितियों में भी टिके रहने की हिम्मत देती है। जब रास्ता अंधकारमय होता है और जीवन हर मोड़ पर चुनौतियाँ खड़ी करता है, तब केवल शारीरिक शक्ति कुछ देर साथ देती है, लेकिन आत्मबल ही होता है जो हमें अंत तक चलने की प्रेरणा देता है। आत्मबल विश्वास से पैदा होता है – अपने आप पर, अपने मूल्यों पर और जीवन की सकारात्मकता पर। एक किसान, एक साधक, एक माँ, एक सैनिक या एक शिक्षक – हर कोई आत्मबल के सहारे अपने-अपने जीवन में असंभव को संभव करता है। यह शक्ति किसी व्यायामशाला में नहीं मिलती, बल्कि यह धीरे-धीरे जीवन के अनुभवों, संघर्षों और आत्मचिंतन से बनती है। आत्मबल इंसान को मानसिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से इतना मजबूत बना देता है कि वह खुद को किसी भी हालात में संभाल सकता है, और दूसरों को भी संबल दे सकता है। सच तो यह है कि आत्मबल ही वह मूल तत्व है जो किसी भी व्यक्ति को भीतर से महान बनाता है।

शख्सियत

रामनरेश त्रिपाठी

हिंदी साहित्य के समर्पित साधक

राम नरेश त्रिपाठी हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा के एक ऐसे लेखक थे, जिन्होंने कविता, आलोचना, निबंध, संपादन और बाल साहित्य जैसे कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जन्म 6 अप्रैल 1889 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर नामक स्थान पर हुआ था। वे हिंदी साहित्य के उस युग से जुड़े रहे, जिसे छायावाद के पूर्ववर्ती काल के रूप में जाना जाता है।

राम नरेश त्रिपाठी हिंदी साहित्य के उन विशिष्ट रचनाकारों में गिने जाते हैं जिन्होंने कविता, आलोचना, निबंध, बाल साहित्य और संपादन जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका जन्म 6 अप्रैल 1889 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर नामक स्थान पर हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गाँव में ही हुई और बाद में उन्होंने वाराणसी तथा प्रयाग जैसे प्रमुख शिक्षा केंद्रों में अध्ययन किया। बाल्यकाल से ही उनमें साहित्य के प्रति गहरा आकर्षण था और शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने लेखन में भी सक्रियता दिखाई। एक शिक्षक के रूप में उन्होंने कई वर्षों तक कार्य किया और अपनी सरल, सशक्त तथा भावनापूर्ण लेखनी के माध्यम से छात्रों और पाठकों को लगातार प्रेरित करते रहे।

उनका साहित्य बहुआयामी था, जिसमें काव्य के साथ-साथ सामाजिक चेतना, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक मिलती है। उन्होंने 'कविता कौमुदी', 'नवरस', 'मनोरथ', 'मंगलध्वनि' और 'काव्य कानन' जैसी प्रसिद्ध काव्य कृतियाँ दीं, जिनमें भारतीय काव्य परंपरा, लोकजीवन की सरलता और भावों की गहराई स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। 'नवरस' में उन्होंने नौ रसों को अत्यंत सुंदर रूप में प्रस्तुत किया, जो साहित्यिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कृति मानी जाती है। इसके अतिरिक्त, वे बाल साहित्य के भी सशक्त हस्ताक्षर थे और उन्होंने बच्चों के लिए नैतिक मूल्यों से युक्त, सरल और रोचक कविताएँ तथा कहानियाँ लिखीं, जो आज भी सराही जाती हैं। संपादन के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा; वे 'सरस्वती' और 'बालक' जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं से जुड़े रहे और उन्होंने अनेक उभरते हुए लेखकों को मंच प्रदान किया। उनकी भाषा संस्कृतनिष्ठ होते हुए भी बोझिल नहीं लगती थी, बल्कि उसमें सहजता, सरसता और भावप्रवणता का समुचित संतुलन था। उनकी रचनाओं में न केवल सौंदर्यबोध बल्कि सामाजिक सरोकारों की गूंज भी सुनाई देती है। सामाजिक कुरीतियों और दहेज प्रथा जैसे मुद्दों पर भी अपनी लेखनी चलाई और समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। 16 जनवरी 1962 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनका साहित्य आज भी हिंदी पाठकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। राम नरेश त्रिपाठी न केवल एक कवि थे, बल्कि एक सच्चे समाजसेवी, शिक्षक और साहित्य साधक भी थे, जिन्होंने हिंदी साहित्य को गौरवशाली दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जीवन ऊर्जा

राफेल : जन्म- 6 अप्रैल 1483

जन्म

जैसे चित्रों में गहराई, वैसे ही शब्दों में भी

इतालवी पुनर्जागरण काल के महान चित्रकार और वास्तुकार थे। उन्हें उनकी संतुलित रचनाओं, धार्मिक चित्रों और स्कूल ऑफ एथेंस जैसी भित्ति चित्रकला के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। उनकी कलाकृतियाँ कोमलता, सौंदर्य और गहराई से परिपूर्ण होती थीं। वे लियोनार्डो दा विंची और माइकलएंजेलो के समकालीन माने जाते हैं। केवल 37 वर्ष की आयु में, अपने जन्मदिन पर ही 6 अप्रैल 1520 को उनका निधन हो गया।

जब कोई चित्र बना रहा होता है, तो वह सोचता नहीं है। सबसे पवित्र पिता, कई लोग जो रोमनों की महान उपलब्धियों के बारे में लिखे गए चीजों पर अपनी कमजोर समझ लाते हैं। शस्त्रों के कारनामे, रोम शहर और उनके भवनों की भव्यता में दिखाई गई अद्भुत कौशल इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि ये उपलब्धियां अधिकतर कल्पनाएं हैं। जब सब कुछ सही लगता है शायद विशेष रूप से जब सब कुछ सही लगता है तो आपको इसकी सराहना करनी चाहिए क्योंकि कहीं न कहीं, किसी कोने के आसपास, दूर भविष्य में या बस आगे, चीजें हमेशा इतनी अच्छी नहीं होंगी। कोई आश्चर्य नहीं कि तेल जीवन को पकड़ने में इतने अच्छे हैं लोगों की तरह, तेल चित्र भी हफ्तों, महीनों, वर्षों की परतों के मिश्रण से बनते हैं। रमेरी माँ हमेशा कहती

थीं कि इस दुनिया में सफल होने के लिए और क्यों विशेष रूप से यदि तुम डर रहे हो। चतुराई किसी भी दरबारी के लिए हानिकारक है, मेरे प्रिय, कहीं हम अपने शासक से अधिक चमक न जाएं हालांकि, मनुष्यों और उनके संबंधों पर ध्यान देना अपना सिर बचाने के लिए आवश्यक है। अब, मुझे पता है कि जब सब कुछ सही लगता है शायद विशेष रूप से जब सब कुछ सही लगता है तो आपको इसकी सराहना करनी चाहिए क्योंकि कहीं न कहीं, किसी कोने के आसपास, दूर भविष्य में या बस आगे, चीजें हमेशा इतनी अच्छी नहीं होंगी। तेल चित्रों में, एक परिपूर्ण ब्रशस्ट्रोक परतों के मिश्रण के बारे में होता है। शैतान शायद युद्ध नहीं जीत सकता, लेकिन वह हमेशा एक लड़ाई जीत सकता है। डर कुछ नहीं है बल्कि बुराई की प्रत्याशा से उत्पन्न पीड़ा है।र रयह अच्छा है जब आपके पास वह चीजें होती हैं जो आप चाहते हैं, लेकिन केवल तब जब हर किसी के पास वह चीजें हों जिनकी उन्हें जरूरत है। रंग की सुंदरता उसकी मौनता में है। हालांकि यह समझना मुश्किल होता है कि यह कितनी तेजी से आएगा, और यह सब कितना अपरिवर्तनीय होगा, है ना? मैं एक बार वही था जो तुम हो, और जो मैं हूँ वह तुम भी होगे।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

लक्ष्य हेतु पूर्ण समर्पण को तपस्या कहा जाता है

वासुदेव गुरूजी उज्जैनः तपस्या का अर्थ है अपने लक्ष्य के प्रति अपना सर्वस्व समर्पित करते हुए उसकी प्राप्ति हो जाने तक निरंतर साधना में लीन रहना। तपस्या का अर्थ केवल यह नहीं है कि हम सब कुछ छोड़कर पर्वतों अथवा कंदराओं अथवा किसी वृक्ष के नीचे आंख बंद करके बैठ जाएं तपस्या एक व्यापक शब्द है किसी भी कार्य अथवा लक्ष्य हेतु पूर्ण समर्पण को तपस्या कहा जाता है। फिर चाहे वह लक्ष्य गृहस्थ जीवन से संबंधित हो अथवा सांसारिक मोहमाया को छोड़कर ईश्वर प्राप्ति से संबंधित तपस्या के लिए एक अनिवार्य शर्त यह है कि जिस लक्ष्य के लिए तपस्या की जा रही है उसके अतिरिक्त कोई भी अन्य विचार चिंता अथवा तनाव मन मस्तिष्क में घर न करने पाए क्योंकि ऐसा होने की दशा में हमारा ध्यान

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

पूर्णतया लक्ष्य पर केंद्रित नहीं रह पाएगा हम उसकी प्राप्ति में असफल हो जाएंगे तपस्या में समर्पण समाहित होता है। और समर्पण के भीतर एक जादुई चुंबकीय शक्ति है यह शक्ति ही हमें और हमारे लक्ष्य को एक दूसरे की तरफ आकर्षित होने के लिए बल आरोपित करती है और एक दिन ऐसा आता है जब हम अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेते है तपस्या हमें बुरे विचारों दुर्गुणों छल कपट ईर्ष्या एवं द्वेष से कोसों दूर कर देती है। और हमारा मन पवित्रता के एक उच्चतम स्तर को स्पर्श कर लेता है मन की पवित्रता हमें सृजन के लिए प्रेरित करती है एक छोटे से उदाहरण के तौर पर हम देखें तो लोहे को जब तपा दिया जाता है। तो वह नरम हो जाता है। ठीक इसी प्रकार जब हम अपने मन को तपस्या की अग्नि में समाहित कर देते है तो विनम्रता स्वयं ही हमारी तरफ खिंची चली आती है निष्कर्ष यही है कि लक्ष्य चाहे कोई भी हो और कैसा भी हो बिना तपस्या के उसे हासिल कर पाना नितांत असंभव है यदि हमने जीवन में कोई लक्ष्य निर्धारित किया है तो हमें उसे प्राप्त करने के लिए निश्चित रूप से तपस्या एवं समर्पण की नौका पर सवार होना पड़ेगा।

अपने विचार

यह बिल वक्फ बोर्डों में अधिक पारदर्शिता लाएगा और वक्फ की संपत्तियों के उपयोग को लेकर बेहतर निगरानी प्रदान करेगा।, यह बिल मुस्लिम महिलाओं को सशक्त करेगा और समुदाय की विधवाओं और हाशिए पर पड़े लोगों की मदद करेगा।



-रवि शंकर प्रसाद, नेता,भाजपा

नीतीश कुमार कल भी सेकुलर थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। उनके दल के 90 प्रतिशत नेता आरक्षण और जातीय गणना के विरोधी हैं। ये सभी बीजेपी से दूध और मिश्री की तरह मिले हुए हैं जिसका अंदाजा सीएम को नहीं है।



-पप्पू यादव, नेता, कांग्रेस

लाखों एकड़ जमीन वक्फ बोर्ड के नाम पर कब्जा किए जाने का काम किया गया था, इन जमीनों को वापस लिया जाएगा। जो भी सार्वजनिक जमीन होगी उनको विद्यालय, चिकित्सालय, एवं मेडिकल कॉलेज बनाने के काम में लिया जाएगा।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तर प्रदेश

अगर हमारी सरकार आई तो बिहार में वक्फ बिल लागू नहीं होने देंगे, कूड़ेदान में फेंक देंगे। बेरोजगारी, पलायन, गरीबी, शिक्षा जैसे असल मुद्दों से ध्यान भटकाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं।

-तेजस्वी यादव, नेता,आरजेडी

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िम्मेदार)।

कर्ज के पैसे से ऐश करते हैं किसान : कृषि मंत्री

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में महायुति सरकार चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा करने में संघर्ष कर रही है। 'लाडली बहन' योजना से सरकारी खजाना खाली होने के बाद अब सरकार अपने कई चुनावी वादों से पीछे हट रही है। इन्हीं में से एक है किसानों की कर्जमाफी, जिस पर पूछे गए सवाल के जवाब में कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने आपा खोते हुए किसानों पर विवादित टिप्पणी कर दी। बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे मंत्री कोकाटे से जब किसानों ने कर्जमाफी को लेकर सवाल पूछा, तो वे भड़क उठे। उन्होंने कहा, 'कर्ज का पैसा लेकर क्या करते हो? क्या खेत में एक रुपया भी लगाया है? लोग कर्ज लेकर सगाई और शादी करते हैं, फिर कर्ज नहीं चुकाते और माफी का इंतजार करते हैं।

किसानों का अपमान, मंत्री को हटाओ : कांग्रेस

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने मंत्री कोकाटे के बयान की निंदा करते हुए कहा, 'किसान अन्नदाता हैं, लेकिन भाजपा गठबंधन सरकार उन्हें बार-बार अपमानित कर रही है। कोकाटे सत्ता के घमंड में किसानों को भिखारी कह चुके हैं और अब फिर अपमान कर रहे हैं। ऐसे मंत्री को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाया जाए।

कृषि क्षेत्र के कुणाल कामरा : संजय राउत का तंज

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने तीखा हमला करते हुए कहा, 'माणिकराव कोकाटे कृषि क्षेत्र के कुणाल कामरा बन चुके हैं। अगर अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल उन्हें रोक नहीं सकते, तो सरकार का कुछ नहीं हो सकता। उनका हर भाषण कॉमेडी शो जैसा लगता है। किसान उनके बयान से आहत हो रहे हैं और वे हर दिन मजाक बना रहे हैं।

माजीवाड़ा मेट्रो स्टेशन पर छत निर्माण शुरू

20 अप्रैल तक रात के समय यातायात रहेगा प्रभावित

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

माजीवाड़ा मेट्रो स्टेशन पर छत निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिसके चलते मुंबई से माजीवाड़ा फ्लाईओवर के रास्ते नासिक और घोड़बंदर की ओर जाने वाला यातायात 5 अप्रैल से 20 अप्रैल तक हर रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक बंद रहेगा। इस अवधि में वैकल्पिक मार्गों से यातायात मोड़ा गया है।

यातायात में किया गया यह बदलाव

मुंबई से घोड़बंदर/भिवंडी जाने वाले वाहन : माजीवाड़ा फ्लाईओवर से होकर जाने वाले सभी वाहन अब विवियाना मॉल के सामने वाले पुल से नहीं जा सकेंगे। इन्हें जुपिटर हॉस्पिटल के सामने वाली सड़क से कपूरबावड़ी सर्कल होते हुए आगे भेजा जाएगा। मुंबई से नासिक की ओर जाने वाले वाहन : इन वाहनों को भी विवियाना मॉल के सामने वाले पुल से रोका गया है। अब वे जुपिटर हॉस्पिटल के सामने वाली सड़क से गोल्डन कॉजवे के रास्ते अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।



60 टन की क्रेन से होगा निर्माण, ट्रैफिक जाम की आशंका

मेट्रो स्टेशन की छत के लिए खंभे लगाए जा चुके हैं। अब जैक बीम और राफ्टर्स लगाए जाएंगे, जिसके लिए 60 टन की मोबाइल क्रेन का उपयोग किया जा रहा है। यह क्रेन जुपिटर अस्पताल के सामने पुल पर लगाई जाएगी, जिससे माजीवाड़ा फ्लाईओवर पूरी तरह बंद रहेगा। इसके चलते अगले 15 दिनों तक ठाणे-घोड़बंदर मार्ग पर जाम की स्थिति बनने की संभावना है।

आपातकालीन सेवाओं को छूट

ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह यातायात परिवर्तन पुलिस वाहन, एम्बुलेंस, दमकल वाहन, ग्रीन कॉरिडोर और आवश्यक सेवा वाहनों पर लागू नहीं होगा। यातायात की परेशानी को देखते हुए ठाणे यातायात शाखा के पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने यातायात नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्थाएं लागू की हैं, ताकि निर्माण कार्य और नागरिकों की आवाजाही दोनों सुरक्षित रह सकें।

मेट्रो 2बी का पहला चरण दिसंबर तक शुरू होने की उम्मीद

मांडले-डायमंड गार्डन के बीच सेवा शुरू करने की योजना

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) मेट्रो लाइन 2बी के पहले चरण मांडले से डायमंड गार्डन तक को दिसंबर के अंत तक शुरू करने की तैयारी में जुट गया है। इस दिशा में कार्य तेज कर दिया गया है, जिससे पश्चिमी उपनगरों से केंद्रीय उपनगरों तक सफर आसान होगा।

कार शेड का 97 फीसदी कार्य पूरा, 8 अप्रैल से बिजली आपूर्ति

मांडले में बनाए जा रहे कार शेड का 97 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। एमएमआरडीए के अनुसार, विद्युतीकरण का काम भी पूरा कर लिया गया है और 8 अप्रैल से कार शेड को बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। इसके बाद मेट्रो ट्रेनों की टेस्टिंग और अन्य तकनीकी परीक्षण शुरू किए जाएंगे।

85 प्रतिशत ट्रैक कार्य भी हुआ पूरा

मेट्रो लाइन के पहले चरण में ट्रैक का 85 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। एमएमआरडीए इस काम को दिसंबर तक पूरा करने के लक्ष्य के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

72 मेट्रो ट्रेनों के लिए कार शेड तैयार

मांडले में 31.4 हेक्टेयर भूमि पर बने इस कार शेड में एक समय में 72 आठ-डिब्बों वाली मेट्रो ट्रेनों को खड़ा किया जा सकेगा। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि भविष्य में बढ़ती जरूरतों को भी पूरा किया जा सके।

राशन कार्ड शिविर का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल, सोमवार को आमदार कुमार आयलानी के कार्यालय में राशन कार्ड से संबंधित शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में नागरिक नया राशन कार्ड बनवाने, कार्ड में परिवार के सदस्यों का नाम जोड़ने, राशन कार्ड को ऑनलाइन करने जैसे कार्य करवा सकेंगे। इस दौरान उल्हासनगर राशन कार्यालय की अधिकृत टीम भी मौजूद रहेगी। आमदार कुमार आयलानी ने उन सभी नागरिकों से अपील की है जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ सचदेव कॉम्प्लेक्स, टेलीफोन एक्सचेंज के पास स्थित कार्यालय में दोपहर 11:30 बजे से शाम 4 बजे के बीच उपस्थित होकर शिविर का लाभ लें।

भूखंडों की नीलामी से एमएमआरडीए को 3,839 करोड़ की कमाई

दीपक पवार । मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित तीन वाणिज्यिक भूखंडों सी13, सी19 और सी80 की ई-नीलामी के लिए वित्तीय बोलियां खोली हैं। तीनों भूखंडों को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। जापान की कंपनी मेसर्स गोइसू रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड (सुमितोमो) ने दो भूखंडों पर सबसे ऊंची बोली लगाकर अधिकार प्राप्त किया, जबकि तीसरा भूखंड श्लॉस बैंगलोर और अलिंगा इकोस्पेस बिजनेस पार्क को संयुक्त रूप से मिला है।

सुमितोमो ने आरक्षित दर से 40% ज्यादा बोली लगाई

प्लॉट सी13 के लिए एमएमआरडीए की आरक्षित कीमत 974.51 करोड़ रुपये थी, जबकि सुमितोमो ने 1,360.48 करोड़ रुपये की बोली लगाई, जो आरक्षित दर से 39.61% अधिक रही। इसी तरह, प्लॉट सी19 के लिए आरक्षित दर 840.12 करोड़ रुपये थी और सुमितोमो ने 1,177.86 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली लगाई, जो आरक्षित मूल्य से 40.20% अधिक रही।

नीलामी से मिलेगा 3,839 करोड़ का राजस्व

तीनों भूखंडों की बिक्री से एमएमआरडीए के खजाने में कुल 3,839 करोड़ रुपये आएंगे। इन भूखंडों की बिक्री से प्राप्त राजस्व का उपयोग मेट्रो और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में किया जाएगा।

सी80 के लिए 1302 करोड़ में हुई बोली

प्लॉट सी80 के लिए आरक्षित दर 1,159.16 करोड़ रुपये तय की गई थी। श्लॉस बैंगलोर और अलिंगा इकोस्पेस बिजनेस पार्क्स ने 1,302.16 करोड़ रुपये की बोली लगाकर यह भूखंड हासिल किया, जो आरक्षित दर से 12.34% अधिक रही।

मालाबार हिल के बुजुर्ग को अकेलापन दूर करना पड़ा भारी

डेटिंग ऐप से 75 साल के बुज़ुर्ग से करोड़ों की ठगी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के पॉश इलाके मालाबार हिल से एक चौंकाने वाला साइबर फ्रॉड सामने आया है, जहां 75 वर्षीय एक बुजुर्ग से एक डेटिंग ऐप के जरिए करीब 5.39 करोड़ रुपए की ठगी की गई। अकेलापन दूर करने की चाह में बुजुर्ग ने जब ऑनलाइन दोस्ती की, तो उन्हें इस बात का अंदाज़ा नहीं था कि यह भरोसा करोड़ों की चपत में बदल जाएगा।

शुरुआत में दिखा मुनाफा, फिर आया जाल

बुज़ुर्ग ने शुरुआत में कुछ पैसे लगाकर ट्राई किया और करीब 20 लाख रुपए निकालने में सफल भी रहे। इससे उन्हें ऐप पर भरोसा हो गया और उन्होंने धीरे-धीरे 5.39 करोड़ रुपए तक निवेश कर दिए। कुछ ही समय में उन्हें ऐप पर 80 करोड़ रुपए के मुनाफे का झांसा दिखाया गया। जब बुजुर्ग ने पैसा निकालना चाहा, तो ऐप पर उन्हें बताया गया कि निकासी के लिए 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। यहीं से उन्हें शक हुआ और उन्होंने तुरंत मुंबई साइबर पुलिस से संपर्क किया।

साइबर पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच जारी

बुजुर्ग ने पुलिस को चैट्स और ट्रांजेक्शन की जानकारी सौंपी है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी युवती की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी की पहचान सामने नहीं आई है, लेकिन पुलिस इस फ्रॉड को गंभीरता से ले रही है।

डेटिंग ऐप पर दोस्ती से शुरू हुआ सिलसिला

बुजुर्ग "टॉपफेस" नामक डेटिंग ऐप पर सक्रिय थे। जून 2023 में एक युवती से उनकी बातचीत शुरू हुई, जो जल्द ही निजी जानकारियों और निवेश की सलाह तक पहुंच गई। युवती ने भरोसे में लेकर उन्हें "JEWE ऐप" में निवेश करने की सलाह दी और शेयर बाजार में नुकसान की आशंका जताई।

दिल्ली के बाद कल्याण-डोंबिवली में अनोखी मॉक ड्रिल

फायर ब्रिगेड कर्मियों की फिटनेस जांचने की पहल, आठवीं मंजिल तक दौड़े जवान

डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली

कल्याण डोंबिवली नगर निगम (K.D.M.C.) की फायर ब्रिगेड ने फिटनेस टेस्ट के लिए एक अनोखी मॉक ड्रिल आयोजित कर मिसाल कायम की है। दिल्ली के बाद यह देश की दूसरी नगर पालिका बन गई है जिसने अग्निशमन कर्मियों की शारीरिक क्षमता को जांचने के लिए ऐसा अभ्यास किया।

शहाड़ के बिड़ला वान्या में हुआ आयोजन



कल्याण पश्चिम के बिड़ला वान्या नामक बहुमंजिला परिसर में हुई इस मॉक ड्रिल में अग्निशमन कर्मियों को भारी पानी की पाइप (होज़ पाइप) अपने कंधों पर लेकर आठवीं मंजिल तक दौड़ना पड़ा। फायर ब्रिगेड के जवानों ने कम समय में लक्ष्य तक पहुंचकर अपनी फिटनेस और तत्परता साबित की।

दिल्ली से मिली प्रेरणा

मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी ने बताया कि जब उनकी टीम दिल्ली गई थी, तो वहां इस तरह की मॉक ड्रिल देखी गई। उसी से प्रेरणा लेकर कल्याण-डोंबिवली में भी यह टेस्ट लागू किया गया। उन्होंने कहा, "फायर ब्रिगेड का पहला कर्तव्य है किसी भी आपात स्थिति में तैयार रहना। फिटनेस उसका सबसे जरूरी हिस्सा है।"

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

आगामी अग्नि सेवा सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में मुंबई फायर ब्रिगेड की पूर्वी उपनगर इकाई द्वारा विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली विक्रोली फायर स्टेशन से प्रारंभ होकर मुलुंड (पश्चिम) फायर स्टेशन तक संपन्न हुई। रैली के माध्यम से नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, आग लगने की स्थिति में सतर्कता बरतने के उपायों की जानकारी देना, और अग्निशमन सेवाओं के महत्व को रेखांकित करना प्रमुख उद्देश्य रहा। इस दौरान जनसामान्य को फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग और प्राथमिक बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

प्रमुख अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ ध्वजवंदन

रैली का ध्वजवंदन कार्यक्रम विक्रोली फायर स्टेशन परिसर में आयोजित किया गया। आयोजन मुख्य अग्निशमन अधिकारी रविंद्र आंबुलगेकर तथा उप प्रमुख अग्निशमन अधिकारीआत्माराम मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

सामाजिक सेवा के माध्यम से विधायक विश्वनाथ भोईर ने मनाया जन्मदिन

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ भोईर ने अपने जन्मदिन को एक सामाजिक उत्सव में बदलते हुए वृद्धाश्रम, दिव्यांग बच्चों के स्कूल और नगरपालिका छात्रों के बीच समय बिताकर सेवा और स्नेह का अद्भुत उदाहरण पेश किया। कल्याण के शांतिधाम वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने जब सुप्रसिद्ध गीत "बार-बार ये दिन आए..." गाकर विधायक को जन्मदिन की बधाई दी, तो वे भावुक होकर अभिभूत हो उठे। दादा-दादी की स्नेहमयी शुभकामनाओं ने इस दिन को और भी खास बना दिया। विश्वनाथ भोईर के जन्मदिन के अवसर पर महाआरोग्य शिविर, बुद्ध विहारों को आवश्यक वस्तुओं का उपहार, विकलांग बच्चों के स्कूल में भोजन दान, नगरपालिका स्कूल के छात्रों के लिए छावा फिल्म का मुफ्त शो और बुजुर्ग लोगों को फल वितरण जैसी कई सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

वृष कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

मिथुन प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी।

कर्क व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगा।अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

सिंह अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा।

कन्या दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

तुला यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। हंसी-मजाक में हल्कापन न हो, ध्यान रखें। कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें।

वृश्चिक धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

धनु नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

मकर बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

कुंभ स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

मीन धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

कर्म भोगने ही पड़ेंगे इस जन्म या अगले जन्म - कथा



प्रियंका जैन
9769994439

एक राजा बड़ा धर्मात्मा, न्यायकारी और परमेश्वर का भक्त था। उसने ठाकुरजी का मंदिर बनवाया और एक ब्राह्मण को उसका पुजारी नियुक्त किया । वह ब्राह्मण बड़ा सदाचारी, धर्मात्मा और संतोषी था। वह राजा से कभी कोई याचना नहीं करता था, राजा भी उसके स्वभाव पर बहुत प्रसन्न था। उसे राजा के मंदिर में पूजा करते हुए बीस वर्ष गुजर गये। उसने कभी भी राजा से किसी प्रकार का कोई प्रश्न नहीं किया ।

राजा के यहाँ एक लड़का पैदा हुआ। राजा ने उसे पढ़ा लिखाकर विद्वान बनाया और बड़ा होने पर उसकी शादी एक सुंदर राजकन्या के साथ करा दी। शादी करके जिस दिन राजकन्या को अपने राजमहल में लाये उस रात्रि में राजकुमारी को नींद न आयी । वह इधर-उधर घूमने लगी जब अपने पति के पलंग के पास आयी तो क्या देखती है कि हीरे जवाहरात जड़ित मूठेवाली एक तलवार पड़ी है ।

जब उस राजकन्या ने देखने के लिए वह तलवार म्यान में से बाहर निकाली, तब तीक्ष्ण धारवाली और बिजली के समान प्रकाशवाली तलवार देखकर वह डर गयी व डर के मारे उसके हाथ से तलवार गिर पड़ी और राजकुमार की गर्दन पर जा लगी । राजकुमार का सिर कट गया और वह मर गया ।

राजकन्या पति के मरने का बहुत शोक करने लगी । उसने परमेश्वर से प्रार्थना की कि 'हे प्रभु ! मुझसे अचानक यह पाप कैसे हो गया ? पति की मृत्यु मेरे ही हाथों हो गयी । आप तो जानते ही हैं, परंतु सभा में मैं सत्य न कहूँगी क्योंकि इससे मेरे माता-पिता और सास-ससुर को कलंक लगेगा तथा इस बात पर कोई विश्वास भी न करेगा ।'

प्रातःकाल में जब पुजारी कुएँ पर स्नान करने आया तो राजकन्या ने उसको देखकर विलाप करना शुरु किया और इस प्रकार कहने लगीः मेरे पति को कोई मार गया ।ह लोग इकट्ठे हो गये और राजा साहब आकर पूछने लगेः किसने मारा है ?

वह कहने लगीः ₹मैं जानती तो नहीं कि कौन था । परंतु उसे ठाकुरजी के मंदिर में जाते देखा थाह राजा समेत सब लोग ठाकुरजी के मंदिर में आये तो ब्राह्मण को पूजा करते हुए देखा । उन्होंने उसको पकड़ लिया और पूछाः तूने राजकुमार को क्यों मारा ? ब्राह्मण ने कहाः मैंने राजकुमार को नहीं मारा । मैंने तो उनका राजमहल भी नहीं देखा है । इसमें ईश्वर साक्षी हैं। बिना देखे किसी पर अपराध का दोष लगाना ठीक नहीं ।

ब्राह्मण की तो कोई बात ही नहीं सुनता था। कोई कुछ कहता था तो कोई कुछ.... राजा के दिल में बार-बार विचार आता था कि यह ब्राह्मण निर्दोष है परंतु बहुतों के कहने पर राजा ने ब्राह्मण से कहाः,

मैं तुम्हें प्राणदण्ड तो नहीं देता लेकिन जिस हाथ से तुमने मेरे पुत्र को तलवार से मारा है, तेरा वह हाथ काटने का आदेश देता हूँ ।

ऐसा कहकर राजा ने उसका हाथ कटवा दिया । इस पर ब्राह्मण बड़ा दुःखी हुआ और राजा को अधर्मी जान उस देश को छोड़कर विदेश में चला गया ।

तिगरी गोल चक्कर पर बनेगा भव्य प्रवेश द्वार

गाजियाबाद। तिगरी गोल चक्कर पर सवा दो करोड़ से भव्य प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। शनिवार को महापौर सुनीता दयाल ने इस द्वार का शिलान्यास किया। इस अवसर पर महापौर ने बताया कि नोएडा से तिगरी गोल चक्कर होते हुए विजय नगर गाजियाबाद में प्रवेश करते हैं। जिससे लोगों को गाजियाबाद में प्रवेश का पता नहीं चलता है। इसी क्रम में एक द्वार का कार्य यूपी गेट पर चल रहा है और ऐसे ही आज तिगरी गोल चक्कर पर एक प्रवेश द्वार निर्माण का शिलान्यास किया गया है।

जिले को मिलीं 65 नई एम्बुलेंस, 28 को मेयर और सांसद ने दिखाई हरी झंडी

गोरखपुर। जिले में संचालित की जा रही 96 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस में से 65 के स्थान पर नई एम्बुलेंस मिल गई हैं। इनमें से 28 एम्बुलेंस जिले में आ भी चुकी हैं, जिन्हें महापौर डॉ मंगलेश कुमार श्रीवास्तव और सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने एनेक्सी भवन से शनिवार को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रवाना की गई एम्बुलेंस में से 14 एम्बुलेंस 108 नंबर सेवा की हैं, जबकि 14 अन्य एम्बुलेंस 102 नंबर सेवा की हैं।

राघवेंद्र सरकार की आज निकलेगी शोभायात्रा

जयपुर। राजधानी जयपुर में रविवार शाम को रामनवमी पर भगवान राघवेंद्र सरकार की परंपरागत शोभायात्रा भव्य लवाजमे सहित धूमधाम से निकलेगी। जिसमें तीस 30 से 35 झांकियों का शाही लवाजमा विभिन्न मार्गो से होते हुए गुजरेगा। अध्यक्ष सुरेंद्र गोलखा ने बताया कि रविवार शाम 4 बजे सूरजपोल अनाज मंडी से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। शोभायात्रा का शुभारंभ आचार्य राम रिछपाल दास महाराज पूजा अर्चना से करेंगे। यह भव्य शोभायात्रा सूरजपोल बाजार से प्रारंभ होकर रामगंज चौपड़ होते हुए जौहरी बाजार,सांगानेरी गेट होते हुए चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्र जी मंदिर पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में 5 हाथी,8 घोड़े को शामिल किया गया है जो सजे-धजे के एक साथ कदम ताल मिलाते हुए चलेंगे।

दिल्ली में लागू हुई आयुष्मान भारत योजना

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में शनिवार को आयुष्मान भारत योजना लागू कर दी गई। शनिवार को आकाशवाणी के रंगभवन में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को दिल्ली में लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) और दिल्ली सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस योजना के तहत निर्धारित इलाज के खर्च का 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत दिल्ली सरकार वहन करेगी। दिल्ली में इस योजना के लागू होने से दिल्ली के 6 लाख 54 हजार परिवारों को पांच लाख रुपये का सालाना स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। इसके साथ ही दिल्ली सरकार भी पांच लाख रुपये का अतिरिक्त टॉपअप देगी।

नोटों की बारिश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- प्रोफेसर समेत 15 गिरफ्तार
- 42 से ज्यादा लड़कियों की फोटो और वीडियो बरामद

एजेंसी । संभल

धनारी पुलिस ने धन वर्षा यानी नोटों की बारिश के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। ये गिरोह भोले भाले गरीब परिवार की लड़कियों पर तंत्र क्रिया करने के नाम पर शोषण करता है। मानव व विशेष वन्य जीवों की तस्करी करता है। गिरोह के 15 सदस्य गिरफ्तार किए हैं। इनसे तांत्रिक क्रिया का सामान समेत वन्य जीव बरामद किए गए हैं।

- कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी संभल

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में धनवर्षा और तंत्र क्रिया के नाम पर मानव तस्करी और यौन शोषण करने वाले अंतरराज्यीय तांत्रिक गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस मामले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि गिरफ्तार आरोपियों में मथुरा की एक निजी यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर भी शामिल है।

शोषण से पहले होती थी 'तांत्रिक जांच'

तांत्रिक क्रिया से पहले युवतियों की लंबाई, शरीर पर निशान, मासिक धर्म और वर्जिनिटी से संबंधित जानकारियां जुटाई जाती थीं। वीडियो बनवाया जाता था और फिर लड़की को 'गुरु' के पास ले जाकर शोषण किया जाता था।

कोडवर्ड में बात, लड़कियों को कहते थे 'सामान'

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह कोडवर्ड में बात करता था। युवतियों को 'टमाटर', 'टीटी', 'सामान' और 'आर्टिकल' जैसे नाम दिए जाते थे। गिरोह गरीब परिवारों को तंत्र क्रिया के जरिए नोटों की बारिश का झांसा देता था और विशेष शारीरिक विशेषताओं वाली कुंवारी लड़कियों की मांग करता था।

प्रोफेसर करता था लड़कियों की सप्लाई





गिरफ्तार प्रोफेसर दशरथ सिंह तीन साल से गिरोह से जुड़ा था। वह लड़कियों का चयन कर उन्हें तांत्रिकों तक पहुंचाने का काम करता था। वह पांच फीट छह इंच से ऊंची लंबाई वाली लड़कियों की जानकारी बाकायदा फॉर्म भरवा कर इकट्ठा करता था। उसके मोबाइल से कई आपत्तिजनक फोटो, वीडियो और चैट्स मिले हैं।

ऐसे हुआ मामले का खुलासा

गांव बमनपुरी निवासी राजपाल ने 21 मार्च को पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी मां के इलाज के नाम पर उसे गांव के ही लाखन और रिंकू तांत्रिक क्रिया के लिए एटा और फिर आगरा ले गए। वहां उसके साथ जबरन कुछ अनैतिक गतिविधियां कराई गईं। लौटकर उसने पुलिस को जानकारी दी।

वन्य जीवों की तस्करी में भी शामिल

पुलिस के मुताबिक यह गिरोह केवल मानव तस्करी ही नहीं, बल्कि दोमुंहा सांप, दुर्लभ कछुआ, विशेष प्रजाति का उल्लू जैसे दुर्लभ वन्य जीवों की तस्करी में भी शामिल था। बरामद सामग्री में ऐसे कई जीव भी पाए गए हैं।

जांच जारी, कई और गिरफ्तारियां संभव

एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गिरोह का नेटवर्क कई जिलों में फैला हुआ है। अब तक आगरा, एटा, फिरोजाबाद, बुलंदशहर और संभल से गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश जारी है। मामले की जांच गहराई से की जा रही है।

चाइल्ड हेल्पलाइन की 18 नई यूनिट की होगी शुरुआत

- यूपी में योगी सरकार की पहल
- 24 घंटे मिलेगी सहायता

एजेंसी । लखनऊ

प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार ने चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) सेवा को और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। जल्द ही प्रदेश में 9 नए रेलवे स्टेशन यूनिट और 9 नए बस स्टैंड यूनिट की शुरुआत की जाएगी।

1098: बच्चों के लिए संकट में सहारा

वर्तमान में चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम, 75 जनपदीय यूनिट, 19 रेलवे स्टेशन यूनिट और 2 बस स्टैंड यूनिट के माध्यम से संचालित हो रही है। यह सेवा 24 घंटे सक्रिय रहकर संकट में फंसे बच्चों को त्वरित सहायता, परामर्श, आश्रय और कानूनी मदद उपलब्ध कराती है।

रेलवे व बस स्टैंड पर भी मजबूत सुरक्षा कवच

रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षित बच्चों को मदद देने के उद्देश्य से हेल्पलाइन यूनिट्स की स्थापना की गई थी। अब इनकी संख्या और बढ़ाई जा रही है। भारत सरकार से मिली स्वीकृति के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 में 18 नई यूनिट्स की शुरुआत की जा रही है। चाइल्ड हेल्पलाइन को अब तक 10.05 लाख कॉल प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें से 96,012 बच्चों को त्वरित सहायता प्रदान की गई है। यह सेवा न केवल बच्चों को संकट से बाहर निकालती है, बल्कि उन्हें परिवार या समाज से जोड़ने में भी मददगार साबित हो रही है।

13 जिलों में लगेगा रियल टाइम एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम

- अब पर्वतीय जिलों की हवा पर भी नजर

एजेंसी । देहरादून

उत्तराखंड में अब वायु प्रदूषण पर जिला स्तर पर भी निगरानी आसान हो जाएगी। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (PCB) ने सभी जिलों में रियल टाइम एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके जरिए हर जिले की वायु गुणवत्ता की रिपोर्ट हर घंटे रिकॉर्ड की जा सकेगी।

पर्वतीय जिलों की हवा भी हो रही खराब

पहाड़ों में अब तक वायु गुणवत्ता को बेहतर माना जाता रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में निर्माण, ट्रैफिक और अन्य गतिविधियों के बढ़ने से वहां भी प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। इसलिए बोर्ड ने अब हर जिले में निगरानी सिस्टम लगाने का फैसला लिया है।

हर घंटे मिलेगा डेटा, योजनाओं में मिलेगी मदद

बोर्ड के सदस्य सचिव पराग मधुकर धकाते के अनुसार, सभी जिला मुख्यालयों में सिस्टम लगाने के बाद हर घंटे का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) रिकॉर्ड किया जा सकेगा। इससे बोर्ड को सही समय पर जरूरी कदम उठाने में मदद मिलेगी और राज्य सरकार को भी सटीक रिपोर्ट भेजी जा सकेगी।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए मिल सकेगा ठोस आधार

सभी जिलों में मॉनिटरिंग सिस्टम लगने के बाद न केवल वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं को भी दिशा मिलेगी। बोर्ड के अनुसार, इस डेटा के आधार पर सरकार आवश्यक नीतिगत फैसले भी ले सकेगी।

अब तक सिर्फ तीन शहरों की हो रही मॉनिटरिंग

फिलहाल राज्य में केवल देहरादून, ऋषिकेश और काशीपुर की ही वायु गुणवत्ता की निगरानी हो रही है। इन्हीं शहरों की रिपोर्ट के आधार पर राज्य में वायु प्रदूषण की स्थिति का आकलन किया जाता है, जबकि अन्य जिलों में डेटा की कमी है।

पलामू में 60 से ज्यादा दागी पुलिस अफसर तैनात

जमीन दलाली से लेकर एफआईआर तक कई पर लगे संगीन आरोप

एजेंसी । पलामू

गढ़वा, पलामू और लातेहार जिले में 60 से अधिक दागी पुलिस अधिकारियों की तैनाती ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इंस्पेक्टर से लेकर एएसआई रैंक तक के अधिकारी इस सूची में शामिल हैं। आरोप है कि कई अफसर जमीन की दलाली में लिप्त हैं, कुछ पर एफआईआर दर्ज है तो कई ऐसे भी हैं जो अपने वरिष्ठ अधिकारियों की बात तक नहीं मानते।

डीआईजी ने सात बिंदुओं पर तैयार की रिपोर्ट

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश ने तीनों जिलों के एसपी से सात बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट में जमीन विवाद, आपराधिक मामले, अधिकारियों के आचरण, अनुसंधान में हस्तक्षेप, और वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति व्यवहार जैसे मुद्दे शामिल थे। डीआईजी रमेश ने बताया कि सात बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेज दी गई है। पलामू, गढ़वा और लातेहार के एसपी से भी इस मामले में फीडबैक लिया गया था। कई पुलिस अधिकारी थानों और महत्वपूर्ण पदों पर तैनात हैं।

कुछ पर अनुसंधान प्रभावित करने के आरोप

रिपोर्ट में दो सब-इंस्पेक्टरों पर गंभीर आरोप लगे हैं कि वे मामलों की निष्पक्ष जांच को प्रभावित कर रहे हैं। कुछ अधिकारी थानों में तैनात रहकर भी पुलिसिंग में रुचि नहीं लेते और वरिष्ठों की बात नजरअंदाज करते हैं। सूची में ऐसे अधिकारियों को भी चिन्हित किया गया है जो जमीन विवादों को सुलझाने की बजाय उन्हें और उलझा रहे हैं।

बड़ी कार्रवाई के संकेत

रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मुख्यालय इन अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। माना जा रहा है कि जल्द ही इन दागी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच और स्थानांतरण जैसी कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

व्यापार जगत

एमसीए ने कंपनी अधिनियम में संशोधन पर मांगी सार्वजनिक राय

- फास्ट ट्रैक विलय के दायरे को बढ़ाने के लिए मसौदा अधिसूचना जारी

एजेंसी । नई दिल्ली

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत फास्ट ट्रैक विलय की प्रक्रिया को और अधिक व्यापक बनाने के लिए नियमों में संशोधन का प्रस्ताव किया है। मंत्रालय ने इस प्रस्ताव पर आम जनता, विशेषज्ञों और संबंधित पक्षों से 5 मई, 2025 तक सार्वजनिक टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं।

वेबसाइट पर उपलब्ध है मसौदा अधिसूचना

एमसीए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि यह मसौदा अधिसूचना और उसका व्याख्यात्मक नोट कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे कोई भी इच्छुक व्यक्ति पढ़ सकता है और उस पर प्रतिक्रिया दे सकता है।

बजट 2025-26 में किए गए वादे के अनुरूप पहल

मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह कदम 2025-26 के केंद्रीय बजट के पैरा 101 में की गई घोषणा के अनुरूप है, जिसमें सरकार ने व्यावसायिक प्रक्रियाओं को सरल और प्रभावी बनाने की बात कही थी। यह संशोधन कंपनियों को अधिक तेज़ और सुविधाजनक विलय की प्रक्रिया प्रदान करेगा।

ई-परामर्श के जरिए दे सकते हैं सुझाव

एमसीए ने बताया कि कंपनी (समझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016 में प्रस्तावित संशोधन का मसौदा अधिसूचना के रूप में जारी किया गया है। इच्छुक व्यक्ति www.mca.gov.in पर उपलब्ध ई-परामर्श मॉड्यूल के माध्यम से अपनी राय दे सकते हैं।

टाटा कैपिटल ने SEBI के पास फाइल किए ड्राफ्ट-पेपर्स

एजेंसी । मुंबई

टाटा ग्रुप की फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी टाटा कैपिटल अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी IPO लाने के लिए तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी ने IPO के लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) यानी ड्राफ्ट पेपर्स फाइल कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की IPO के लिए सेबी के पास यह प्री-फाइलिंग कॉन्फिडेंशियल है। नवंबर 2022 में SEBI ने कॉन्फिडेंशियल प्री-फाइलिंग रूट पेश किया गया था। इसके तहत कंपनियों को अपनी जरूरी बिजनेस डिटेल्स पब्लिक किए बिना अपना DRHP फाइल करने में सहायता मिलती है। इस IPO के जरिए कंपनी 15 हजार करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। IPO के तहत कंपनी 2.3 करोड़ नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा कुछ मौजूदा शेयरहोल्डर्स की ओर से ऑफर फॉर सेल (OFS) भी रहेगा। टाटा संस, टाटा कैपिटल की होल्डिंग कंपनी है। इसके पास टाटा कैपिटल में 92.83% हिस्सेदारी है। बाकी हिस्सेदारी टाटा ग्रुप की अन्य कंपनियों और ट्रस्टों के पास है। टाटा कैपिटल को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की ओर से अपर लेयर NBFC (नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी) का दर्जा मिला हुआ है।

सभी के लिए पेंशन राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए: पंकज चौधरी

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि 'सभी के लिए पेंशन' को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाना चाहिए। वह शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित पहले अंतरराष्ट्रीय पेंशन अनुसंधान सम्मेलन (IRCP) 2025 के समापन अवसर पर बोल रहे थे। इस सम्मेलन में विश्व बैंक समेत कई वैश्विक विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

2050 तक हर पांचवां भारतीय होगा बुज़ुर्ग

पंकज चौधरी ने कहा कि भारत की जनसांख्यिकी में बड़ा बदलाव आ रहा है। वर्ष 2050 तक हर पांच में से एक भारतीय 60 वर्ष से अधिक आयु का होगा।2047 तक बुजुर्गों की संख्या बच्चों से अधिक हो जाएगी। महिलाओं की संख्या बुजुर्गों में अधिक होगी। ऐसे में एक समावेशी और मजबूत पेंशन प्रणाली केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्र की आवश्यकता है। राज्य मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में देश की वृद्ध होती आबादी के लिए सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस नीतिगत ढांचे की आवश्यकता है। वित्तीय स्वतंत्रता पेंशन योजनाओं के ज़रिए सुनिश्चित की जा सकती है।

स्टैंड-अप इंडिया के तहत स्वीकृत ऋण बढ़कर हुआ 61 हजार करोड़ रुपए

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार की प्रमुख पहल 'स्टैंड-अप इंडिया' योजना ने अपने 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस योजना के तहत अब तक 61,020 करोड़ रुपए से अधिक के लोन स्वीकृत किए जा चुके हैं। इस योजना की शुरुआत 5 अप्रैल, 2016 को अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई थी।

7 वर्षों में चार गुना से अधिक की बढ़ोतरी

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2018 तक स्वीकृत लोन राशि थी 14,431.14 करोड़ रुपए जो 17 मार्च 2025 तक बढ़कर 61,020.41 करोड़ रुपए हो गई। स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत SC, ST और महिला उद्यमियों को नए उद्यम शुरू करने में मदद के लिए बैंक लोन दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य सिर्फ आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देना भी है।

पीयूष गोयल की टिप्पणी पर बिफरे जेप्टो के सीईओ

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा स्टार्टअप्स को लेकर दिए गए बयान पर बहस तेज हो गई है। Zepto के को-फाउंडर आदित पलिचा ने सोशल मीडिया पर करारा जवाब देते हुए कहा कि इंटरनेट स्टार्टअप्स को क्रिटिसाइज करना आसान है, लेकिन इनका योगदान नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आदित ने लिखा कि Zepto जैसी कंपनी 3.5 साल पहले अस्तित्व में भी नहीं थी, लेकिन आज यह हर साल सरकार को 1,000 करोड़ से ज्यादा टैक्स दे रही है और 1.5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेट स्टार्टअप को सिर्फ डिलीवरी ऐप्स से जोड़कर देखना गलत है। भारत मंडपम में चल रहे स्टार्टअप महाकुंभ के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय स्टार्टअप्स में इनोवेशन की कमी और डिलिवरी-बेस्ड मॉडल्स को लेकर सवाल खड़े किए थे।

हार का क्रम तोड़ना चाहेगा हैदराबाद

- 3 साल से हैदराबाद की टीम गुजरात से जीत नहीं पाई है एक मैच
- 7 विकेट से हराया था गुजरात ने हैदराबाद को

एजेंसी । हैदराबाद

आईपीएल में लगातार तीन मुकाबलों में हार झेल चुकी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आज गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत की पटरी पर लौटने की कोशिश करेगी। घरेलू मैदान पर खेले जाने वाले इस मुकाबले में कप्तान पैट कमिंस की अगुआई में टीम को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा।

बल्लेबाजी में गिरावट, संतुलन की कमी

टूर्नामेंट की शुरुआत में 286 रन बनाने वाली हैदराबाद की बल्लेबाजी अचानक फॉर्म से बाहर दिखी है। टीम उसके बाद 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई। बल्लेबाज आक्रामकता और अति-आक्रामकता के बीच जूझते नजर आए हैं। ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों से टीम को बड़ी पारियों की उम्मीद होगी।

रबाडा की गैरमौजूदगी में फिलिप्स को मिल सकता है मौका

गुजरात के लिए हालांकि एक झटका यह है कि प्रमुख तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा निजी कारणों से स्वदेश लौट चुके हैं। उनकी जगह टिम फिलिप्स को टीम में शामिल किया जा सकता है, जो गेंदबाजी के साथ-साथ फील्डिंग और बल्लेबाजी में भी योगदान दे सकते हैं।

फैसला घरेलू मैदान पर रन वर्षा से होगा?

हैदराबाद का घरेलू मैदान अभी तक बल्लेबाजों के लिए मददगार रहा है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या हैदराबाद अपनी बल्लेबाजी में सुधार कर जीत की राह पर लौट सकेगी, या गुजरात अपनी जीत की लय को बरकरार रखेगी।

आमने-सामने

कुल मैच :	5
गुजरात जीता :	3
हैदराबाद जीता :	1
बेनतीजा :	1

गेंदबाजी में भी चिंता, कमिंस-जांपा हुए महंगे

गेंदबाजी भी हैदराबाद की कमजोरी बनी हुई है। युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी (4 विकेट) को छोड़कर कोई भी गेंदबाज प्रभावी नहीं दिखा है। खुद कप्तान कमिंस 12.30 की इकोनॉमी रेट से रन दे रहे हैं। एडम जांपा (11.75) और मोहम्मद शमी (10.00) भी अब तक महंगे साबित हुए हैं।

गुजरात फॉर्म में

दूसरी ओर, शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस ने बेंगलुरु के खिलाफ धमाकेदार जीत दर्ज कर आत्मविश्वास हासिल किया है। जोस बटलर, साई सुदर्शन और खुद गिल अच्छी लय में नजर आ रहे हैं। बल्लेबाजी क्रम से टीम को फिर मजबूत शुरुआत की उम्मीद होगी।

दिल्ली कैपिटल्स ने लगाई जीत की हैट्रिक

मैच के बाद पॉइंट्स टेबल

- दिल्ली ने लगातार तीसरा मैच जीता है। टीम 6 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है।
- चेन्नई ने सीजन में लगातार तीसरा मैच गंवाया है। टीम 4 में से एक मैच ही जीत सकी है। CSK 8वें नंबर पर है।

एजेंसी । चेन्नई

दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 25 रनों से हरा दिया है। IPL 2025 में दिल्ली ने जीत की हैट्रिक लगा दी है, दूसरी ओर CSK को लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी है। चेपॉक मैदान में खेले गए इस मैच में दिल्ली ने पहले खेलते हुए 183 रन बनाए थे, जवाब में चेन्नई की पूरी टीम 158 रन ही बना पाई।

दिल्ली ने लगाई जीत की हैट्रिक

दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को उसी के घर में हराकर IPL 2025 में जीत की हैट्रिक लगा दी है। दिल्ली इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स को 1 विकेट, फिर SRH को 7 विकेट से धोया और अब CSK को 25 रनों से हरा दिया। दूसरी ओर चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 की शुरुआत मुंबई इंडियंस पर 4 विकेट की जीत के साथ की थी।

धोनी ने 26 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेली

इस भिड़ंत में एमएस धोनी भी चेन्नई के लिए 11वें ओवर में बैटिंग करने आ गए थे। उन्होंने 26 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेली, जिसके दौरान वो सिर्फ एक चौका और एक ही छक्का लगा पाए।

विजय शंकर का स्ट्राइक रेट CSK को ले डूबा

चेन्नई सुपर किंग्स को 184 रनों का लक्ष्य मिला था। इसके जवाब में मेजबान CSK की शुरुआत बहुत खराब रही क्योंकि रचिन रवींद्र 3 रन, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 5 रन और डेवोन कॉनवे 13 रन बनाकर आउट हो गए। चेन्नई ने 41 के स्कोर तक 3 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में चौथे क्रम पर ऑलराउंडर विजय शंकर बैटिंग करने आए, जिन्होंने 69 रनों की पारी तो खेली लेकिन इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 127.78 का रहा।

थॉमस मुलर का बायर्न म्यूनिख से 25 साल पुराना सफर खत्म

एजेंसी । जर्मनी

जर्मनी के दिग्गज फुटबॉलर थॉमस मुलर ने शनिवार को पुष्टि की कि वह इस सीजन के अंत में बायर्न म्यूनिख क्लब को अलविदा कह देंगे। मुलर ने 25 वर्षों तक क्लब से जुड़े रहने के बाद यह फैसला लिया है। उन्होंने साल 2000 में बायर्न की अकादमी से अपने करियर की शुरुआत की थी और अब तक क्लब के लिए रिकॉर्ड 743 मैच खेल चुके हैं। मुलर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'क्लब ने अगले सीजन

के लिए मेरे साथ नया कॉन्ट्रैक्ट नहीं करने का फैसला किया है। यह मेरे व्यक्तिगत इरादों से मेल नहीं खाता, लेकिन क्लब के सिद्धांतों का पालन जरूरी है। मैं इस फैसले का सम्मान करता हूं।'

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाज दिग्वेश पर लगा जुर्माना

एजेंसी । लखनऊ

टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 16वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मुकाबले के बाद एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। यह इस सीजन में टीम की पहली गलती थी, जिसके चलते कप्तान ऋषभ पंत पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह अनुच्छेद न्यूनतम ओवर गति से संबंधित मामलों को कवर करता है।

निशानेबाज नीरज को दिखाया गया पीला कार्ड

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत के निशानेबाज नीरज कुमार को अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में चल रहे निशानेबाजी विश्व कप के फाइनल मुकाबले के दौरान जूरी की ओर से पीला कार्ड दिखाया गया। यह फैसला 25 वर्षीय नीरज के लिए भी हैरानी भरा था, क्योंकि वे 'बोर लॉक' का इस्तेमाल कर रहे थे—जो कि सुरक्षा के लिहाज से सामान्य प्रक्रिया है।

नियमों के मुताबिक, निशानेबाजी प्रतियोगिता में अगर कोई निशानेबाज बिना आदेश के हथियार लोड करता है या रेंज उपकरणों में हस्तक्षेप करता है, तो उसे पीला कार्ड दिखाया जाता

है। लेकिन नीरज कुमार का मामला इससे अलग था। वह अपनी बंदूक को आकस्मिक फायरिंग से बचाने के लिए 'बोर लॉक' का इस्तेमाल कर रहे थे, जो पेशेवर निशानेबाजों के लिए सामान्य और स्वीकृत प्रक्रिया मानी जाती है।

फाइनल में सातवें स्थान पर रहे नीरज

इस घटनाक्रम के बीच नीरज कुमार फाइनल मुकाबले में सातवें स्थान पर रहे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के सचिव राजीव भाटिया ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'यह हमारे लिए हैरानी की बात थी कि नीरज को पीले कार्ड की चेतावनी क्यों दी गई। यह स्पष्ट रूप से नियमों की गलत व्याख्या प्रतीत होती है।' इस पूरे प्रकरण ने निशानेबाजी की अंतरराष्ट्रीय जूरी की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

क्या है पीला कार्ड?

निशानेबाजी स्पर्धाओं में पीला कार्ड नियमों के पहले उल्लंघन पर चेतावनी के तौर पर दिया जाता है। यह किसी भी बड़ी सजा से पहले की पहली चेतावनी होती है, जो खिलाड़ी के प्रदर्शन और मानसिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है।

तिलक को रिटायर्ड आउट करना रणनीतिक फैसला : जयवर्धने

एजेंसी । लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शुक्रवार को खेले गए आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा को रिटायर्ड आउट करने का फैसला खूब चर्चा में रहा। मैच के बाद टीम के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने इसे एक रणनीतिक निर्णय बताया और कहा कि यह फैसला परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया था।

तिलक वर्मा पारी के उस मोड़ पर बल्लेबाजी कर रहे थे जब टीम को तेज रन चाहिए थे, लेकिन वह

अपेक्षित लय नहीं पकड़ पा रहे थे। जयवर्धने ने कहा, 'मुझे लगता है कि तिलक अच्छी शुरुआत कर रहे थे, लेकिन रन गति बढ़ाने में संघर्ष कर रहे थे। ऐसे में हमने नए बल्लेबाज को मौका देने का फैसला किया।'

रणनीति नहीं चली काम

तिलक की जगह मिचेल सेंटनर को भेजा गया जिनका स्ट्राइक रेट 106 है। टीम को उम्मीद थी कि सेंटनर अंतिम ओवरों में तेजी से रन बना पाएंगे, लेकिन यह दांव सफल नहीं रहा। मुंबई को मुकाबले में 12 रन से हार का सामना करना पड़ा।

न्यूजीलैंड ने किया पाकिस्तान का सफाया

- 43 रन से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम वनडे में पराजित किया

एजेंसी । माउंट माउंगानुई

न्यूजीलैंड ने शनिवार को खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में पाकिस्तान को 43 रन से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। इस जीत के हीरो रहे तेज गेंदबाज बेन सीयर्स, जिन्होंने लगातार दूसरे वनडे में पांच विकेट झटके और इतिहास रच दिया। वे ऐसा करने वाले न्यूजीलैंड के पहले

गेंदबाज बन गए हैं। बारिश के कारण गीली आउटफील्ड की वजह से मुकाबले को 42 ओवर प्रति पारी तक सीमित किया गया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 264/8 रन बनाए। कप्तान माइकल ब्रेसवेल (59) और राइज मारिउ (58) ने शानदार अर्धशतक जड़े, जबकि डेरिल मिचेल (43) और हेनरी निकोलस (31) ने अहम योगदान दिया।

डेरिल के सबसे तेज 2000 रन

डेरिल अपनी पारी के दौरान न्यूजीलैंड की ओर से सबसे तेज 2000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने 47वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल कर एंड्रयू जोंस (52 पारी, 1991) को पीछे छोड़ा। केन विलियम्सन (54 पारी, 2014) तीसरे नंबर पर हैं। डेरिल के 48.59 की औसत से 2041 रन बना चुके हैं।

मुंबई के मैदानों से

ओट्टर्स तैराकी स्पर्धा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

शनिवार, 19 अप्रैल से आरंभ हो रहे 38वें ओट्टर्स क्लब ओपन तैराकी प्रतियोगिता में 500 से ज्यादा तैराक हिस्सा लेने वाले हैं। दो दिवसीय इस तैराकी प्रतियोगिता में कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय तैराक नजर आने वाले हैं। प्रतियोगिता को गैर-सरकारी संगठन 'मैंसन्स फाउंडेशन' ने सहयोग देने के लिए आगे आया है तथा स्पीडो इंडिया ने भी तैराकों को खेल उपकरण प्रदान करके आंशिक प्रायोजन के साथ मदद की है ।

पूनावाला रेसिंग कॉर्निवाल : डिफ बेहतर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

ऐतिहासिक महालक्ष्मी रेसकोर्स पर चल रहे रंगारंग और भव्य दो दिवसीय पूनावाला रेसिंग कॉर्निवाल के दूसरे दिन सात दौड़ों का आयोजन किया गया है। मुख्य दौड़ सी एन वाडिया गोल्ड कप पॉवर्ड बॉय जवारे पूनावाला में देश भर से 12 भारी दमखम वाले घोड़े हिस्सा ले रहे हैं। फॉर्म में चल रहे अधिराजसिंह जोधा द्वारा प्रशिक्षित डिफ की स्थिति इनमें बेहतर है और उसके जीत की संभावना है। पूनावाला रेसिंग कॉर्निवाल के दौरान जहां विजेता घोड़ों की ईनामी राशि में जबरदस्त बढ़ोत्तरी की गई है, वहीं पर रेसकोर्स में आने वाले शौकीनों के लिए कई आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं, जिसे वे आसानी से जीत सकते हैं। पहली दौड़ शाम 4.45 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमरे चयन इस प्रकार हैं। 1- मिस मैजिक (प्र.), सोरेन्टे सीक्रेट (द्वि.), 2- सुपरस्टॉर (प्र.), कॉराडॉक (द्वि.), 3- वन्स यू गो ब्लैक (प्र.), सीज करेजियस (द्वि.), 4- डिफ (प्र.), ड्युक ऑफ टस्कॉनी (द्वि.), 5- विन विन (प्र.), एमाडेव (द्वि.), 6- करिश्मेटिक (प्र.), रफाएल (द्वि.), 7- फैबल (प्र.), मदुसा (द्वि.), दिन का सर्वोत्तमः फैबल।

रामनवमी पर रिलीज़ होगा 'पेड्डी' का फर्स्ट शॉट

जान्हवी कपूर, शिवराजकुमार और दिव्येंदु संग नजर आएंगे सुपरस्टार

मेगा पावर स्टार राम चरण की बहुप्रतीक्षित स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म 'पेड्डी' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है। फिल्म का निर्देशन 'उप्पेना' फेम बुची बाबू सना कर रहे हैं और इसमें आम स्पोर्ट्स फिल्मों से हटकर कई खेलों की झलक, जबरदस्त एक्शन और कॉमेडी का फुल डोज देखने को मिलेगा। फिल्म से जुड़ी पहली झलक यानी 'फर्स्ट शॉट' रामनवमी के खास मौके पर रिलीज की जा रही है। 2 अप्रैल, सुबह 11:45 बजे निर्माता इसे फैंस के लिए पेश करेंगे। खुद राम चरण ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर इसे लेकर लिखा – 'झलक देखने के बाद बहुत उत्साहित हूं। आपको यह पसंद आएगा! 'पेड्डी फर्स्ट शॉट' कल सुबह 11.45 बजे।'

राम चरण का बुची बाबू को खास तोहफा

हाल ही में राम चरण ने अपना 40वां जन्मदिन मनाया और इस मौके पर उन्होंने अपने डायरेक्टर बुची बाबू सना को एक धार्मिक और भावनात्मक तोहफा भेजा।

इसमें भगवान श्रीराम की पादुकाएं, यात्रा किट, हनुमान चालीसा, तेलंगाना के कारीगरों द्वारा बना हनुमान मुखौटा और एक लेटर शामिल था। बुची बाबू ने अपने इंस्टाग्राम पर इस तोहफे को शेयर करते हुए लिखा कि वह इस गिफ्ट को पाकर बेहद भावुक और कृतज्ञ हैं।

अब निर्देशन करेंगे ऋतिक रोशन

सुपरस्टार ऋतिक रोशन अब अभिनय के बाद निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखने जा रहे हैं। हाल ही में उनके पिता और मशहूर निर्देशक राकेश रोशन ने पुष्टि की कि 'कृष 4' का निर्देशन ऋतिक खुद करेंगे। इस खबर से उनके फैंस का उत्साह दोगुना हो गया है। यह फिल्म 'कृष' फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी है और लंबे समय से इसका इंतजार किया जा रहा है।

अब नोलन संग काम करने की ख्वाहिश

ऋतिक रोशन फिलहाल अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इसी बीच उनके हॉलीवुड डेब्यू की चर्चा भी गर्म है। दरअसल, हाल ही में अटलांटा (यूएसए टूर) के दौरान ऋतिक ने अपने पसंदीदा निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन के साथ काम करने की इच्छा जाहिर की। ऋतिक ने कहा कि क्रिस्टोफर नोलन मेरे फेवरेट डायरेक्टर हैं, और उनके साथ काम करना मेरा सपना है। नोलन 'मोमेंटो', 'द डार्क नाइट ट्रिलॉजी', 'इनसेप्शन', 'इंटरस्टेलर' और हालिया ऑस्कर विजेता फिल्म 'ओपेनहाइमर' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हैं।



25 को रिलीज होगा 'ग्राउंड जीरो'

एक्सेल एंटरटेनमेंट की अपनी आगामी एक्शन थिलर 'ग्राउंड जीरो' को लेकर बेसब्री बढ़ती जा रही है। इमरान हाशमी अभिनीत इस फिल्म का दमदार टीज़र हाल ही में रिलीज हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अब फिल्म का ट्रेलर 7 अप्रैल को रिलीज होने जा रहा है।

खतरनाक मिशन पर आधारित कहानी

निर्माताओं ने 5 अप्रैल को फिल्म का नया पोस्टर जारी किया, जिसमें इमरान हाशमी बंदूक थामे बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे के किरदार में बेहद दमदार नजर आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा गया— 'भारत के सबसे खतरनाक मिशनों में से एक के पीछे छिपी कहानी को उजागर करें। 'ग्राउंड जीरो' का ट्रेलर 7 अप्रैल को रिलीज होगा।'

सच्ची घटनाओं से प्रेरित है फिल्म

'ग्राउंड जीरो' की कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। 27 मार्च को जारी पहले पोस्टर में इमरान कश्मीर की घाटी में तैनात बीएसएफ अधिकारी के रूप में नजर आए थे। बैकग्राउंड में धुआं उठते घरों और कश्मीर की खूबसूरत वादियों ने मिशन की गंभीरता को दर्शाया। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने पहले ही एलान कर दिया है कि 'ग्राउंड जीरो' 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के बारे में बताया गया है—

'एक मिशन की अनकही कहानी जिसने कश्मीर को हमेशा के लिए बदल दिया।'

एक्शन, थ्रिल और देशभक्ति का दमदार मेल 'ग्राउंड जीरो' में इमरान हाशमी का एक्शन अवतार और देशभक्ति से भरी कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों की ओर खींच सकती है। अब देखना होगा कि ट्रेलर 7 अप्रैल को दर्शकों की उम्मीदों पर कितना खरा उतरता है।

रिश्तों में नई मजबूती

भारत-श्रीलंका के बीच सात समझौतों पर मुहर

सुरक्षा हित एवं मछुआरों के मुद्दे पर भी चर्चा

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच कोलंबो में हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद सात समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए गए। भारत ने श्रीलंका को पांच प्रमुख परियोजनाओं की सौगात दी, जबकि रक्षा, सुरक्षा और मानव हितों से जुड़े अहम मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण बातचीत हुई।

भारतीय मछुआरों का मुद्दा उठा, जल्द रिहाई की उम्मीद

प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति के समक्ष भारतीय मछुआरों की रिहाई और उनकी नौकाओं की वापसी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि श्रीलंका ने 11 भारतीय मछुआरों को रिहा करने का निर्णय लिया है और आने वाले दिनों में अधिक मछुआरों की रिहाई की संभावना जताई है।

भारत के सुरक्षा हित सर्वोपरि : श्रीलंका का भरोसा

श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने भारत को मुश्किल समय का सच्चा सहयोगी बताते हुए आश्वासन दिया कि श्रीलंका की भूमि या समुद्री क्षेत्र का उपयोग कभी भी भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने भारत के साथ आपसी विश्वास और सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

रक्षा सहयोग को मिली नई दिशा

भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा सहयोग पर भी समझौता हुआ है, जिससे दोनों देशों की मौजूदा रक्षा साझेदारी को और मजबूती मिलेगी।

प्रधानमंत्री 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित

प्रधानमंत्री मोदी को श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री इस सम्मान को प्राप्त करने वाले केवल दूसरे विदेशी नेता और पहले भारतीय हैं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने एक साथ कोलंबो में प्रेस मीट को संबोधित किया। इस दौरान दोनों देशों के बीच एक महत्वाकांक्षी रक्षा सहयोग समझौते सहित अन्य महत्वपूर्ण समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों पक्ष त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते में भी शामिल हुए हैं।

समझौता ज्ञापन

दोनों देशों के बीच आज रक्षा, सफल डिजिटल समाधान, त्रिंकोमाली ऊर्जा केंद्र के विकास, स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग, बिजली के आयात/निर्यात के लिए एचवीडीसी इंटरकनेक्शन के कार्यान्वयन, पूर्वी प्रांत के लिए बहु-क्षेत्रीय अनुदान सहायता और फार्माकोपियल सहयोग पर सात समझौता ज्ञापन हुए हैं ।

श्रीलंका को भारत की ओर से कई सौगातें

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान भारत की ओर से श्रीलंका को कई सौगातें दी गईं। इसमें महो-ओमानथाई रेलवे लाइन के उन्नत रेलवे ट्रैक का उद्घाटन, महो-अनुराधापुरा रेलवे लाइन के लिए सिग्नलिंग सिस्टम के निर्माण का शुभारंभ, सामपुर सौर ऊर्जा परियोजना का भूमिपूजन समारोह (वर्चुअल), दांबुला में तापमान नियंत्रित कृषि गोदाम का उद्घाटन (वर्चुअल), श्रीलंका भर में 5000 धार्मिक संस्थानों के लिए सोलर रूफटॉप सिस्टम की आपूर्ति (वर्चुअल) शामिल है।

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ आप विधायक की याचिका

कांग्रेस-एआईएमआईएम सांसद भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

एजेंसी । नई दिल्ली

वक्फ संशोधन बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों से पारित हो गया है। अब यह बिल राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा, जिसके बाद यह कानून का रूप ले लेगा। हालांकि, इसे लेकर देशभर में राजनीतिक और धार्मिक स्तर पर विरोध तेज हो गया है। विपक्षी पार्टियां और कई मुस्लिम संगठन इस बिल को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख कर चुके हैं।

राज्यसभा में भी विरोध, कांग्रेस और डीएमके की तैयारी

राज्यसभा में बिल पारित होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने ऐलान किया कि पार्टी इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। वहीं, तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके ने भी अदालत में याचिका दायर करने की बात कही है।

आप विधायक अमानतुल्लाह की याचिका

शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान ने बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी सर्वोच्च अदालत में याचिका लगाई थी।

शाहनवाज हुसैन को मिल रही जान से मारने की धमकी

बिल का समर्थन करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को धमकियां मिल रही हैं। पुलिस के अनुसार, उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है, वहीं सोशल मीडिया पर भी उन्हें लगातार निशाना बनाया जा रहा है।

बिल पर संसद में लंबी बहस

वक्फ संशोधन बिल पर 2 और 3 अप्रैल को लोकसभा और राज्यसभा में क्रमशः 12-12 घंटे की लंबी बहस हुई। इसके बाद इसे दोनों सदनों से मंजूरी मिल गई। बिल में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और उपयोग को लेकर कई अहम बदलाव किए गए हैं, जिसे लेकर विरोध जताया जा रहा है।

क्या है मामला, क्यों हो रहा विरोध?

विरोधियों का आरोप है कि इस बिल से वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता प्रभावित होगी और सरकार को वक्फ संपत्तियों पर अधिक नियंत्रण मिलेगा। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यह अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप है।

अब आगे क्या?

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद बिल कानून बन जाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह तय होगा कि बिल को संवैधानिक रूप से वैध माना जाएगा या नहीं।

न्यूज ब्रीफ

अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 26 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के विरोध में भारतीय युवा कांग्रेस ने शनिवार को प्रदर्शन किया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाया गया टैरिफ भारतीय बाजार को तबाह कर देगा। चिब ने कहा कि भारत को इसके खिलाफ खुलकर बोलने की हिम्मत दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका का टैरिफ हमारे कृषि क्षेत्र, छोटे उद्योगों, केमिकल फैक्टरी, छोटे-छोटे इलेक्ट्रिक कंपोनेंट और प्रोडक्ट बनाने वाली फैक्ट्रियों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा।

संकट के समय म्यांमार के लिए देवदूत बना भारत

नई दिल्ली/नेपीदाव। म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई। अब तक 3000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। इस संकट की घड़ी में भारत और क्वाड देशों ने म्यांमार और थाईलैंड के साथ खड़े होकर मानवीय मदद का हाथ बढ़ाया है। भूकंप के बाद भारत ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए राहत सामग्री, दवाएं और जीवन रक्षक सहायता म्यांमार भेजी। भारत ने एक जिम्मेदार और संवेदनशील पड़ोसी की भूमिका निभाते हुए यह संदेश दिया कि संकट की घड़ी में भारत हमेशा साथ है। क्वाड (QUAD) के चारों देश – भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान – इस मानवीय आपदा के समय म्यांमार और थाईलैंड के लोगों के साथ खड़े नजर आए। इन देशों ने 20 मिलियन डॉलर से अधिक की सहायता राशि प्रदान की है। क्वाड देश आसियान (ASEAN) और अन्य अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर म्यांमार और थाईलैंड में जीवन रक्षक सामग्री, राहत शिविर और आपात चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।

वडोदरा हिट एंड रन केस में नया खुलासा

गांजे के नशे में चला रहा था कार, NDPS एक्ट में केस दर्ज

एजेंसी । वडोदरा

गुजरात के वडोदरा में 13 मार्च को हुए हिट एंड रन केस में फॉरेंसिक रिपोर्ट से बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, हादसे के वक्त कार चला रहा रक्षित चौरसिया शराब के नहीं, बल्कि गांजे के नशे में था। पुलिस ने रक्षित सहित कार में मौजूद प्रांशु चौहान और सुरेश भरवाड़ के खिलाफ NDPS एक्ट 1985 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत मामला दर्ज किया है।

तीनों आरोपियों की ब्लड रिपोर्ट में ड्रग्स की पुष्टि

पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद तीनों आरोपियों की ब्लड जांच कराई गई, जिसमें गांजे (Cannabis) के सेवन की पुष्टि हुई है। जहां रक्षित और प्रांशु को गिरफ्तार किया जा चुका है, वहीं तीसरा आरोपी सुरेश भरवाड़ अभी फरार है।

तीन गाड़ियों को मारी थी टक्कर, एक महिला की मौत

यह हादसा वडोदरा के करेलीबाग इलाके में रात के समय हुआ था, जब तेज रफ्तार फॉक्सवैगन वर्टस कार ने एक के बाद एक तीन वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी और 7 लोग घायल हो गए थे। चश्मदीदों के मुताबिक, कार की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

गिरफ्तार आरोपी और फरार साथी की तलाश जारी

पुलिस ने रक्षित और प्रांशु को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। फरार आरोपी सुरेश भरवाड़ की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवकों ने नशे की हालत में लापरवाही से वाहन चलाया, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ।

NDPS एक्ट और धारा 185 के तहत होगी कड़ी कार्रवाई

तीनों युवकों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (NDPS) एक्ट और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 (नशे में गाड़ी चलाना) के तहत केस दर्ज किया गया है। अगर दोष सिद्ध होता है, तो उन्हें कड़ी सजा का सामना करना पड़ सकता है।

86 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

चार एरिया कमेटी सदस्य सहित 20 महिलाएं भी शामिल

एजेंसी । हैदराबाद

गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच नक्सल मोर्चे पर बड़ी कामयाबी मिली है। तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के 86 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें चार एरिया कमेटी सदस्य (ACM) और 20 महिलाएं भी शामिल हैं।

आईजीपी के सामने आत्मसमर्पण, 25 हजार की तत्काल सहायता

इन नक्सलियों ने हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय में मल्टी जोन-1 के आईजीपी एस. चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सभी को तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार रुपए दिए गए।

चार एसीएम पर था चार-चार लाख का इनाम

भद्राद्री कोठागुडेम के एसपी बी. रोहित राजू ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले चारों ACM पर चार-चार लाख रुपए का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत की गई है।

शांति और विकास की राह पर लौटे नक्सली

पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने बताया कि उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और आदिवासी विकास कार्यों को देखकर हिंसा का रास्ता छोड़ने का फैसला किया। वे अब परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहते हैं।

इस साल अब तक 224 नक्सली कर चुके आत्मसमर्पण

तेलंगाना पुलिस के मुताबिक, 2025 में अब तक 224 नक्सली विभिन्न जिलों में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। पुलिस का कहना है कि सीपीआई (माओवादी) अपनी पुरानी विचारधारा के साथ अब स्थानीय जनसमर्थन खो चुकी है, जिससे माओवादियों में निराशा है और वे मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

जादवपुर यूनिवर्सिटी में रामनवमी समारोह की इजाजत नहीं

छात्रों में नाराजगी, प्रशासन पर भेदभाव का आरोप

एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल में रामनवमी को लेकर जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, वहीं जादवपुर विश्वविद्यालय से एक विवादित मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रामनवमी समारोह की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। प्रशासन ने कुलपति की अनुपस्थिति को कारण बताया है, लेकिन छात्र इस फैसले से बेहद नाराज हैं और इसे 'बहाना' बता रहे हैं।

28 मार्च को दी गई थी अनुमति की अर्जी

विश्वविद्यालय के छात्र सोमसूर्या बनर्जी ने जानकारी दी कि उन्होंने 28 मार्च को रामनवमी समारोह के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को पत्र सौंपा था। लेकिन जब वे फॉलो-अप के लिए संपर्क में आए तो उन्हें बताया गया कि कुलपति मौजूद नहीं हैं, इसलिए इजाजत नहीं दी जा सकती।

धार्मिक आयोजनों की मिली थी मंजूरी

सोमसूर्या ने आरोप लगाया कि 3 और 4 अप्रैल को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) ने विश्वविद्यालय परिसर में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किया, और उस समय भी कुलपति मौजूद नहीं थे, फिर भी उन्हें अनुमति मिल गई।

गोवा में इस्त्राइली ड्रग डीलर यानिव बेनाइम गिरफ्तार

पणजी। गोवा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात इस्त्राइली ड्रग डीलर यानिव बेनाइम उर्फ अताला को उत्तरी गोवा के सिओलिम गांव स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस को उसके पास से 110 ग्राम चरस और 50 ग्राम कोकीन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 9 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। गोवा पुलिस के प्रवक्ता के मुताबिक, यानिव बेनाइम काफी समय से निगरानी में था। उसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेज एक्ट (NDPS) के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई के बाद ड्रग माफिया और गोवा में ड्रग नेटवर्क पर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है।

प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे राज्यों को केंद्र से राहत

बिहार, हिमाचल, तमिलनाडु और पुडुचेरी को 1280 करोड़ की मंजूरी

एजेंसी । कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समिति की बैठक में चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए 1280.35 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी गई है। यह मदद वर्ष 2024 में बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने और चक्रवाती तूफान जैसी आपदाओं से प्रभावित राज्यों को दी जा रही है।

आपदा न्यूनीकरण कोष से भी राज्यों को राहत

सरकार ने राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (SDMF) से 19 राज्यों को 4984.25 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (NDMF) से आठ राज्यों को 719.72 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 में SDRF के तहत 28 राज्यों को 20,264.40 करोड़ रुपये और NDRF के तहत 19 राज्यों को 5,160.76 करोड़ रुपये जारी किए गए।

आपदा के तुरंत बाद भेजी गईं टीमें

सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि केंद्र ने राज्यों से औपचारिक ज्ञापन (मेमोरेंडम) मिलने का इंतजार किए बिना ही अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीमें (IMCT) प्रभावित राज्यों में भेज दी थीं, ताकि नुकसान का आकलन जल्द हो सके और समय पर राहत पहुंचाई जा सके।

राज्यवार सहायता राशि

बिहार : 588.73 करोड़
तमिलनाडु : 522.34 करोड़
हिमाचल प्रदेश : 136.22 करोड़
पुडुचेरी : 33.06 करोड़

ईडी ने एम्पुरान निर्माता गोपालन की चिटफंड कंपनी पर छापा मारा

कोझिकोड/चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के उल्लंघन के मामले में 'एल2: एम्पुरान' के निर्माता गोकुलम गोपालन की चिटफंड कंपनी श्री गोकुलम चिट्स एंड फाइनेंस लिमिटेड पर बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने केरल और तमिलनाडु में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

ईडी ने कोचीन ज़ोनल कार्यालय के नेतृत्व में 4 और 5 अप्रैल को तमिलनाडु के चेन्नई और केरल के कोझिकोड में स्थित गोपालन के आवासीय और व्यावसायिक परिसरों पर छापेमारी की। ईडी का कहना है कि यह कार्रवाई 1000 करोड़ रुपये के कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जांच के तहत की गई। तलाशी के दौरान न सिर्फ भारी नकदी जब्त की गई, बल्कि ऐसे दस्तावेज भी मिले हैं जो फेमा के उल्लंघन की पुष्टि करते हैं। एजेंसी ने बताया कि तलाशी अभियान शुक्रवार को शुरू हुआ था और शनिवार को समाप्त हो गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया नौसेना की परियोजनाओं का उद्घाटन

आईओएस सागर को दिखाई हरी झंडी

कारवार। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को भारतीय नौसेना की कई अहम परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए हिंद महासागर पोत आईओएस सागर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल भारत की समुद्री शक्ति का प्रतीक है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में सहयोग, शांति और स्थिरता के लिए भी एक मजबूत संदेश है।

आईओएस सागर जहाज को आईएनएस सुनयना से जोड़ा गया है। इस पोत में नौ देशों के 44 नौसेना कर्मी सवार हैं। राजनाथ सिंह ने इस बहुपक्षीय साझेदारी की सराहना करते हुए कहा, इसागर पहल की 10वीं वर्षगांठ पर यह यात्रा क्षेत्रीय सहयोग को और मजबूती देगी।

5 अप्रैल: ऐतिहासिक दिन, राष्ट्रीय समुद्री दिवस

रक्षा मंत्री ने बताया कि 5 अप्रैल 1919 को एसएस लॉयल्टी, भारत का पहला व्यापारी जहाज, मुंबई से लंदन के लिए रवाना हुआ था। 1964 से इसी दिन को राष्ट्रीय समुद्री दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र सिर्फ सामरिक दृष्टि से नहीं, बल्कि व्यापार, पर्यटन, संस्कृति और आर्थिक हितों के लिहाज से भी हमारे लिए बेहद अहम है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की नौसेना इस क्षेत्र में यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश अपनी सैन्य या आर्थिक ताकत से दूसरे पर दबाव न बना सके। भारत की नीति "सभी की संप्रभुता का सम्मान और सहयोग" पर आधारित है।

आपदाओं में भारत की नौसेना बनी प्रथम प्रतिक्रियादाता

रक्षा मंत्री ने कहा कि चाहे समुद्री लुटेरे हों या जहाज हाईजैक की घटनाएं, भारतीय नौसेना ने हमेशा पहले उत्तरदाता के तौर पर अपनी भूमिका निभाई है। उनका उद्देश्य है कि IOR में मुक्त परिवहन, शांति और स्थिरता कायम रहे।